टाइटल कोडः RAJHIN27921



# मरूधर विशेष



वर्षः 01 अंकः 04 हिन्दी प्रातः कालीन जयपुर, शनिवार, 6 अगस्त, 2022 हिंदी दैनिक पृष्ठः4 मूल्यः 2 रुपए


2024 तक बनेंगे 26 ग्रीन एक्सप्रेस-वेः गडकरी ने कहा-

## दिल्ली से जयपुर का सफर 2 घंटे में और मुंबई तक 12 घंटे में पूरा होगा

**नई दिल्ली।** 2024 खत्म होने से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बनाए जाएंगे। इन पर 125-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफर पूरा होगा। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि 2024 खत्म होने से पहले तक देश का रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर अमेरिका की टक्कर का होगा। नितिन गडकरी ने कहा, 'इस समय नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत है। मैं सदन में ऑन-रिकॉर्ड यह बात कह रहा हूं कि मैं हर साल 5 लाख करोड़ रुपए की सड़क बना सकता हूं। हमारे पास पैसे की कमी नहीं है। संसद में किसी भी पार्टी के सांसद से पूछिए, जिसने भी मुझसे सड़क बनवाने के लिए पैसा मांगा है, मैंने उसे पैसा सैंक्शन किया है। मैंने किसी पार्टी के सांसद को मना नहीं किया।' उन्होंने कहा, NHAI को AAA रेटिंग मिली हुई है। हाल ही में दो बैंकों के चेयरमैन मेरे पास आए और उन दोनों ने मुझे 25-25 हजार करोड़ रुपए लोन देने का प्रस्ताव रखा। मुझे सिर्फ 6.45 प्रतिशत की ब्याज दर पर यह पैसा मिला है। इसलिए NHAI के पास सड़कें बनवाने के लिए भरपूर पैसा है।'

### बदलेंगी वाहनों की नंबर-प्लेट

गडकरी ने कहा कि फिलहाल टोल कलेक्ट करने के लिए हमारे पास एक सिस्टम मौजूद है, लेकिन हम दो विकल्पों पर काम कर रहे हैं। पहला है सैटलाइट आधारित टोल-सिस्टम जिसमें कार में जीपीएस लगा होगा और उसमें से खुद ही टोल कट जाएगा।




**दूसरा सिस्टम है-** नंबर प्लेट में बदलाव करना। 2019 से ही हमने नए तरीके की नंबर प्लेट बनाने की तकनीक पर काम करना शुरू कर दिया है। अब मैन्युफैक्चरर के लिए यह नंबर-प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। पुरानी नंबर-प्लेट्स को नई नंबर प्लेट्स से बदला जाएगा। नई नंबर-प्लेट से एक सॉफ्टवेयर जुड़ा होगा, जिससे टोल कट जाया करेगा।

### 50 हजार किमी लंबे हाईवे नेटवर्क को मेनटेन करती है एनएचएआई

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था है। इसे 1955 में स्थापित किया गया था। यह देश के 1,32,499 किमी लंबे नेशनल हाईवे में से 50 हजार किमी के नेटवर्क के मैनेजमेंट का काम देखती है। NHAI का काम है अम्ब्रेला हाईवे योजना, भारतमाला योजना के लिए फंड देना। इसका उद्देश्य NH लिंकेज वाले जिलों की संख्या को 300 से बढ़ाकर 550 करना है। इसके अलावा सड़क के किनारे रेस्टरूम, फूड प्लाजा और मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था करना और पौधरोपण करना भी इसी संस्था की जिम्मेदारी है।

विरोध के लिए राम मंदिर के शिलान्यास का दिन क्यों चुनाः अमित शाह

## संसद से सड़क तक कांग्रेस का प्रदर्शन...काले कपड़े में संसद पहुंचे सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महंगाई, जीएसटी और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को सुबह से ही संसद से सड़क तक प्रदर्शन किया। सबसे पहले सोनिया ने कांग्रेसी सांसदों के साथ संसद में काले कपड़े पहनकर जमकर नारेबाजी की। राहुल संसद से राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया और हिरासत में ले लिया। इसके बाद प्रियंका गांधी अपने सांसदों के साथ पीएम आवास घेरने के लिए निकलीं, लेकिन यहां भी पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया।

### शाह बोले- आज तो ईडी की पूछताछ भी नहीं थी, फिर विरोध क्यों

गृह मंत्री अमित शाह ने दिनभर चले प्रदर्शन पर शाम को बयान दिया। उन्होंने कहा- आज तो ईडी की पूछताछ भी नहीं थी फिर कांग्रेस ने प्रदर्शन क्यों किया। आज राम मंदिर की नींव पड़ी थी। कांग्रेस ने छिप तौर पर इसका विरोध किया। शाह ने काले कपड़ों में प्रदर्शन करने पर भी सवाल उठाया।



### राहुल हिरासत में, प्रियंका सड़क पर ही बैठ गईं

राहुल को हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाला और वे अपने सांसदों के साथ पीएम आवास घेरने के लिए निकलीं, लेकिन यहां भी पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। वे सड़क पर ही घरने पर बैठ गई। पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। इस दौरान अजय माकन, सचिन पायलट, हरीश रावत, अविनाश पांडे सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं को हिरासत में लिया गया। शाम को सभी नेताओं को छोड़ दिया जाएगा।

### राहुल ने कहा- 8 साल में सब बर्बाद हो गया

इससे पहले, सुबह राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, क्या आप तानाशाही का मजा ले रहे हैं, यहां रोज लोकतंत्र की हत्या हो रही है। इस सरकार ने 8 साल में लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया। दरअसल, कांग्रेस आज देशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। मीडिया से बात करने के दौरान वह अपने बाजू पर काली पट्टी बांधे थे।

### राज्यों में कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

#### राजस्थान में सड़कों पर लेटे कांग्रेसी, पायलट हिरासत में

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस राजस्थान में बड़ा विरोध प्रदर्शन कर रही है। अलग-अलग जिलों में नेता नए-नए तरीकों से विरोध जता रहे हैं। राजस्थान से बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन में भी शामिल होने पहुंचे हैं। यहां कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी अजय माकन, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान हिरासत में ले लिया गया है।

#### पटना में राजभवन जा रहे कांग्रेसियों को रोका

शुक्रवार को पटना में कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजभवन मार्च निकाला। मार्च कुछ दूर ही निकला था कि पुलिस ने कर उसे रोक दिया। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। कार्यकर्ता सड़क पर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा को हिरासत में ले लिया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस गाड़ी को घेर लिया और विरोध करने लगे।

#### रायपुर में सीएम बघेल महंगाई के विरोध में धरने पर बैठे

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस ने अपना विरोध प्रदर्शन किया। देश में बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश भर के अलग-अलग जिलों से आए जिला स्तर के नेताओं के अलावा प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।अंबेडकर चौक में धरना देने के बाद प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत कुछ कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल राज भवन में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन का समापन किया।

## गहलोत बोले- कल्पना नहीं की थी लोकतंत्र खत्म होते देखेंगेः कहा- जनता को भी अब सरकार के खिलाफ खड़ा होना होगा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि ऐसा वक्त भी आएगा जब लोगों को डेमोक्रेसी समाप्त होते देखना पड़ेगा। जिस रूप में संविधान की धज्जियां उड़ रही है। उसकी कल्पना नहीं कर सकते। महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी जो कुछ देश में हो रहा है। उसमें सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। डेमोक्रेसी खत्म हो रही है। अब समय आ गया है कि जनता को भी आगे आना पड़ेगा। गहलोत दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी के साथ मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- जब विधानसभा सत्र चल रहा होता है तो जिलों में कोई ऐसी बैठक नहीं कर सकते, जिसमें विधायक को भाग लेना हो। ऐसा पहली बार हुआ, जब संसद का सत्र चल रहा है। उसके बीच मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। इसलिए मैंने कहा था कि देश में ईडी का आंतक है। ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है। आज तक हमने सुना था कि सीबीआई पुलिस पर छापा डालती है। हमने पहली बार देखा कि रात में सीबीआई पर पुलिस छापा डाल रही थी। देश में जो कुछ हो रहा है। वह खतरनाक खेल हो रहा है।

### डेमोक्रेसी खत्म हो रही है

गहलोत ने कहा- डेमोक्रेसी खत्म हो रही



है। अब जनता को भी आगे आना पड़ेगा। आंदोलन कांग्रेस कर रही है, दूसरी विपक्षी पार्टियां भी कर रही हैं। जहां जिसे सूट करे वह साथ दे। एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सरकार के खिलाफ खड़ा होना होगा। लोगों को महसूस हो रहा है कि कितनी भारी मार है महंगाई की। बेरोजगारी से युवाओं में हाहाकार मचा हुआ है। जीएसटी के नए कारनामे हो रहे हैं। नेशनल हेराल्ड अखबार पर हमला हो सकता है तो किसी पर भी हो सकता है। गहलोत ने कहा- जर्मनी में जब हिटलर की तानाशाही हुई थी, उसके बारे में विचारक मार्टिन निमोले ने जो कहा था वह याद दिलाना चाहता हूं। हिटलर की तानाशाही के वक्त जब विपक्षी पार्टियों, अल्पसंख्यकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों को निशाने पर लेने लगे तो वहां की जनता चुप रही। जनता सोचती रही कि राजनीतिक लड़ाई है। 1945 में जर्मनी जब हिटलर की तानाशाही से बर्बाद हो गया तो वहां की जनता को पछताना पड़ा।

## 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्टः जयपुर में सुबह से बरसात, बांसवाड़ा में 4 इंच पानी गिरा, अब 4-5 दिन एक्टिव रहेगा मानसून

**जयपुर।** पूर्वी राजस्थान में नया सर्कुलेटरी सिस्टम एक्टिव होने के साथ ही प्रदेश में तेज बारिश का दौर फिर शुरू हो गया। पिछले 24 घंटे के दौरान बांसवाड़ा, झुंझुनूं, नागौर, प्रतापगढ़ जिलों में अच्छा खासा पानी बरसा। राजधानी जयपुर में शुक्रवार सुबह से भी कई जगहों पर जोरदार बारिश हुई। घने बादल छाए हुए हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक 7 अगस्त के आसपास उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर सिस्टम डवलप होगा, जिसके असर से अगले 2-3 दिन के अंदर राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश भी हो सकती है। अगले 24 घंटे में राज्य के 13 जिलों में तेज बारिश के आसार हैं। जयपुर में लगातार तीसरे दिन बारिश हुई। जेएलएन मार्ग, झोटवाड़ा, मुरलीपुरा, सहकार मार्ग समेत कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। कल भी जयपुर में कई जगहों पर 16 से लेकर 59मीमी. तक बरसात हुई थी। जयपुर के अलावा राज्य में झुंझुनूं, नागौर, प्रतापगढ़, राजसमंद, उदयपुर, कोटा, जैसलमेर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बाड़मेर, बांसवाड़ा, अलवर और अजमेर जिले के कई हिस्सों में अच्छी बरसात हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ में



4 इंच से ज्यादा (115 मीमी.) बरसात हुई। वहीं, बाड़मेर के समदड़ी में 66, झुंझुनूं के गुढा गौड़जी में 75, नागौर के मकराना में 73 और प्रतापगढ़ के छोटी सादड़ी एरिया में 69 मीमी. बरसात हुई। राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश में हो रही अच्छी बरसात के कारण चंबल, कालीसिंध नदियों में लगातार पानी आ रहा है।

आईटी रेड में कारोबारी से 70 करोड़ की ब्लैकमनी मिली

## 4 करोड़ कैश, ज्वेलरी और 24 लॉकर्स मिले, रियल एस्टेट कारोबारी के छापे

**जयपुर।**

इनकम टैक्स चोरी की सूचनाओं पर जयपुर और कोटा में रियल एस्टेट, कंस्ट्रक्शन, ज्वेलरी, होटल, हॉर्टिकल्चर कारोबारियों के यहां छापेमारी में अब तक 70 करोड़ से ज्यादा की काली कमाई मिली है। इनमें 4 करोड़ कैश, ज्वेलरी और लेन-देन के डॉक्यूमेंट आईटी विभाग के हाथ लगे हैं। कई बैंकों में इन कारोबारियों के करीब 24 लॉकर्स भी मिले हैं। जिन्हें अब खुलवाया जाएगा। गुरुवार तक यह आंकड़ा 40 करोड़ का था। बुधवार को शुरू हुई कार्रवाई लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी है। इनकम टैक्स अफसरों को पता चला है कि आशीष ग्रुप का कॉलोनाइजर और रियल एस्टेट का काम है। कोटा और जयपुर में कई मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाकर



फ्लैट बेचने के कारोबार से जुड़ा है। जमीनों की खरीद और फ्लैट बेचने में गड़बड़ी, कई जगह इंस्वेस्टमेंट, ऑनलाइन मनी ट्रांसफर के साथ ही पैसा इधर से उधर करने, टैक्स चोरी की जानकारी आईटी विभाग को लगी है। लेजर बुक्स और खातों से इनका मिलान कर जांच-पड़ताल की जा रही है। इन कारोबारियों के यहां काम करने वाले मैनेजर, स्टाफ कर्मचारियों से भी पूछताछ चल रही है। सभी के फोन बंद करवाकर रखे गए हैं।

बंगाल में बीजेपी पर भारी दीदी का खेला

## पार्टी छोड़ने पर बीजेपी विधायकों को ईडी का डर, लेकिन टीएमसी से भिड़ना भी मुश्किल

**कोलकाता।** 'बंगाल में 38 विधायकों के साथ हमारे अच्छे रिश्ते हैं...21 तो हमारे सीधे संपर्क में हैं...अभी म्यूजिक लॉन्च है..फिल्म की धमाकेदार रिलीज तो बाकी है।' 27 जुलाई को यह बात बीजेपी नेता मिथुन चक्रवर्ती ने कोलकाता में कही थी। इसके बाद से कयास लगाए जाने लगे कि क्या बीजेपी बंगाल में भी महाराष्ट्र जैसा खेला करने की तैयारी में है। हमने मिथुन के बयान के बाद बंगाल में बीजेपी की जमीनी हकीकत जानी तो सच्चाई कुछ और ही निकली। 2021 के विधानसभा चुनाव में बंगाल की 294 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने 77 पर जीत दर्ज की थी। नतीजों के बाद 77 में से 2 विधायक निशिथ प्रमाणिक और जगन्नाथ सरकार ने इस्तीफा दे दिया था। ये दोनों बीजेपी से ही सांसद हैं।



पार्टी ने इन्हें विधानसभा चुनाव लड़वाया था। जीत के बाद इन्होंने विधायकी छोड़कर संसद में रहने का निर्णय लिया। इससे बीजेपी के विधायकों की संख्या 75 हो गई। अब यह संख्या 69 पर आ चुकी है। 6 विधायक बीजेपी छोड़कर टीएमसी में जा चुके हैं। बीजेपी के 18 में से 2 सांसद भी टीएमसी में शामिल हो चुके हैं। जबकि नतीजों के बाद टीएमसी का एक भी विधायक-सांसद या बड़ा नेता बीजेपी में शामिल नहीं हुआ।

**बीजेपी में आना चाहते हैं ये नहीं बोला...** मिथुन चक्रवर्ती के बयान में कितनी सच्चाई है इस बात का अंदाजा बीजेपी के ही बंगाल के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के बयान से लगाया जा सकता है। जब शुभेंदु से मिथुन के बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं है। इस बारे में मिथुन ही बता पाएंगे।'

### बीजेपी से ही डरे हुए हैं विधायक

कृष्ण कल्याणी रायगंज विधानसभा से बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीते थे। 27 अक्टूबर 2021 को वे बीजेपी छोड़कर टीएमसी में शामिल हो गए। पिछले महीने उन्हें लोक लेखा समिति का चेयरमैन बनाया गया।

श्रीलंका से भारत की टोह लेगा चीनी शिप

## 750 किमी दूर की बातचीत सुन सकता है वांग-5, इसरो और नौसेना बेस तक की जासूसी का खतरा

**नई दिल्ली।** चीन का जासूसी शिप युआन वांग-5, 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भारत की टोह लेने के लिए श्रीलंका की ओर बढ़ रहा है। इसके 11 अगस्त को हंबनटोटा पहुंचने की संभावना है। भारत ने इस स्पाई शिप को लेकर श्रीलंका के सामने विरोध दर्ज कराया है। इसके बावजूद श्रीलंका ने इसे हंबनटोटा पोर्ट पर आने की अनुमति दे दी है। भारत इसको लेकर अलर्ट पर है। शिप के मूवमेंट पर इंडियन नेवी की कड़ी नजर है। चीनी जासूसी शिप युआन वांग-5, 13 जुलाई को जियानगिन पोर्ट से रवाना हुआ था और 11 अगस्त को श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर पहुंचेगा। हंबनटोटा में यह एक हफ्ते यानी 17 अगस्त तक रहेगा।

बेजोस की शिप में 6 लोगों ने की अंतरिक्ष यात्रा

## 107किमी. ऊपर गए, फिर पैराशूट से नीचे आए; एक टिकट 10 करोड़ की

**टेक्सास।** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन ने गुरुवार को छह लोगों को स्पेस टूरिज्म के लिए अंतरिक्ष भेजा। कंपनी के न्यू शेपर्ड स्पेसक्राफ्ट ने टेक्सास की लॉन्च साइट वन से उड़ान भारी। यह स्पेसक्राफ्ट यात्रियों को पृथ्वी से 107 किलोमीटर ऊपर ले गया और फिर वहां से पैराशूट के जरिए लोग धरती पर वापस आए। इस स्पेस मिशन में सिर्फ 10 मिनट 20 सेकंड का ही समय लगा। इस दौरान स्पेसक्राफ्ट की अधिकतम रफ्तार 2,239 मील प्रति घंटे, यानी 3,603 किलोमीटर प्रति घंटे रही। इस फ्लाइट के साथ ब्लू ओरिजिन ने नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना लिया है। पहली बार मिस्र और पुर्तगाल के लोग स्पेस टूरिज्म का हिस्सा बने। इंजीनियर




सारा साबरी अंतरिक्ष की यात्रा करने वाली पहली मिस्री और बिजनेसमैन मारियो फेरेरा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले पुर्तगाली बने। अंतरिक्ष यात्रा में यू-ट्यूब चैनल डूड परफेक्ट के को-फाउंडर कोबी कॉटन, ब्रिटिश-अमेरिकी पर्वतारोही वैनेसा ओ ब्रायन, टेक्नोलॉजी लीडर क्लिंट केली थर्ड और टेली कम्युनिकेशन एग्जीक्यूटिव स्टीव यंग भी शामिल थे।

### ऐसा होता है अंतरिक्ष का सफर

न्यू शेपर्ड स्पेसक्राफ्ट में एक रॉकेट और एक कैप्सूल है। रॉकेट से कैप्सूल लिफ्ट ऑफ यानी अलग हो जाता है। इसके बाद से कैप्सूल के धरती पर लैंड होने तक का समय 10-11 मिनट का होता है। अंतरिक्ष यात्री इस दौरान कुछ देर तक खुद को हल्का महसूस करते हैं। पैराशूट के जरिए कैप्सूल के लैंड करने से कुछ मिनट पहले रॉकेट लैंड करता है। खास बात यह है कि यह दोनों ही री-यूजेबल हैं, यानी इन्हें दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। यह रॉकेट स्पेस एक्स के फॉल्कन 9 ऑर्बिटल रॉकेट की तरह काम करता है।

### लगभग 10 करोड़ रुपए की एक टिकट

क्वार्ट्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लू ओरिजिन के स्पेसक्राफ्ट की एक टिकट की कीमत 1.25 मिलियन डॉलर, यानी 9,89,73,750 रुपए है। यह रिचर्ड ब्रैनसन की कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक की टिकट की कीमत से कहीं ज्यादा है।

**पिछले साल शुरू हुआ था मिशन-** ब्लू ओरिजिन अब तक 6 बार लोगों को अंतरिक्ष यात्रा करा चुका है। इस तरह कंपनी ने अब तक 31 लोगों को स्पेस की यात्रा कराई है। ब्लू ओरिजिन ने पिछले साल जुलाई में बेजोस समेत तीन लोगों को स्पेस भेजकर इस मिशन की शुरुआत की थी।

## नेवी के लिए बना देश का पहला पैसेंजर ड्रोन

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में भारतीय नौसेना के लिए देश का पहला पैसेंजर ड्रोन तैयार किया गया है। ड्रोन का नाम वरुण है। ये 130 किलोग्राम के वजन के साथ उड़ान भर सकता है और 25 किमी. का सफर 25 से 33 मिनट में पूरा कर लेगा। ड्रोन को पुणे की चाकन सागर डिफेंस इंजीनियरिंग कंपनी ने बनाया है। ड्रोन का प्रदर्शन जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने किया गया था, यहां उनके साथ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो भी शेयर किया गया था। कंपनी के को-फाउंडर बब्बर ने बताया कि ड्रोन हवा में तकनीकी खराबी के बाद भी सुरक्षित लैंडिंग करने में सक्षम है। इसमें एक पैराशूट भी है, जो इमरजेंसी या खराबी के दौरान अपने आप खुल जाएगा और ड्रोन सुरक्षित लैंड हो जाएगा।

## बहरोड़ स्टेडियम में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत एक कार्यशाला आयोजित की गई

मरुधर विशेष/ हवासिँह चौधरी

**बहरोड़।** कस्बे सहित इनरव्हील क्लब बहरोड़ द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र बहरोड़ स्टेडियम में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत एक कार्यशाला आयोजित की गई। क्लब संरक्षक अनुपमा शर्मा ने बताया कि इस संपूर्ण सप्ताह को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में विश्व भर में स्तनपान संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। कार्यशाला में गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर सपना यादव ने



महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में समझाया और यह बताया कि मां का पहला दूध यानी कोलेस्ट्रम शिशु के लिए कितना आवश्यक है, डॉक्टर द्वारा निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। हेल्थ अवेयरनेस ट्रेनर ज्योति यादव ने इको फ्रेंडली नैपकिन का डेमो प्रदान किया जिसमें उन्होंने बताया कि यह कॉटन बेस्ड नैपकिन महिलाओं के स्वास्थ्य की कितने प्रकार से रक्षा करते हैं एवं इनका लगातार उपयोग करने से विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी फायदे होते हैं। क्लब सचिव ललिता यादव, क्लब कोषाध्यक्ष गुड्डी अग्रवाल, क्लब वरिष्ठ सदस्य बबीता शर्मा, हंसा, पूजा, आशा शर्मा एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## भरतपुर सांसद रंजीता कोली के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपराष्ट्रपति प्रत्याशी जगदीप धनखड़ को दी जीत की अग्रिम बधाई

मरूधर विशेष



**कठूमर।दिनेश लेखी।** भाजपा मंडल कठूमर व खेड़ली के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने शुकवार को दिल्ली पहुंचकर भरतपुर सांसद रंजीता कोली के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशी उपराष्टपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनकड़ का साफा माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया और जीत की अग्रिम बधाई दी। कठूमर विधानसभा क्षेत्र से भारतपुर सांसद प्रतिनिधि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पंडा एवं भाजपा मंडल कठूमर के अध्यक्ष सुनील बजाज ने बताया कि दिल्ली में भरतपुर सांसद रंजीता कोली के नेतृत्व में भरतपुर क्षेत्र के भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ एनडीए के उपराष्टपति पद के प्रत्याशी जगदीप धनकड़ को जीत की अग्रिम बधाई दी एवं उनके के साथ चर्चा की। इस मौके पर कठूमर विधानसभा से जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पंडा, मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज, किसान मोर्चा के जिला मंत्री सतीश पाराशर,जिला कार्यसमिति सदस्य बाबूलाल सैनी, कपिल अग्रवाल मौजूद रहे।

## विधायक बाबूलाल बैरवा ने भनोखर और टीला का बास में की जनसुनवाई

मरूधर विशेष

**कठूमर।दिनेश लेखी।** विधायक बाबूलाल बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भनोखर और टीला का बास में जनसमस्याएं सुनी और अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए। विधायक निजी सचिव वीरु बैरवा ने बताया कि इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक का साफा माला पहनाकर धूमधाम से स्वागत किया। इसके बाद ग्राम वासियों ने बिजली, पानी, सडक सहित अन्य



समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने आवश्यक जन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश इस मौके पर निजी सचिव वीरु बैरवा, मत्सय कॉलेज के निदेशक नंदकिशोर मीणा, बच्चूसिंह नरूका, हरीराम मास्टर, समाजसेवी प्रहलाद जाटव, उपसरपंच विजेन्द्र मीणा, सुनिल मीणा, संतोष कैरव, जयराम बैरवा, सुखराम मीणा, नरेंद्र बैरवा, राकेश मीणा, सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## 31 उपवास की मास खमण की तपस्या पूर्ण होने पर शिल्पा मेहता नगर में वरघोड़ा निकाला गया

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** श्वेतांबर जैन समाज के स्थानकवासी संघ की श्रीमती शिल्पा मेहता पत्नी सौरभ मेहता ने 31 उपवास की मास खमण की तपस्या पूर्ण की श्रीमती शिल्पा मेहता ने 31 उपवास की तपस्या की गई आज श्वेतांबर जैन समाज के स्थानक भवन मैं माशा साध्वी जी का प्रवचन सुनकर और आशीर्वाद लेकर उनका नगर में वरघोड़ा निकाला गया नगर में जगह-जगह श्रीफल माला साल से जगह-जगह स्वागत हुआ जुलूस नवकार गार्डन पहुंचा जहां पर ससुर पंकज मेहता सास रिचा मेहता ने पति सौरभ मेहता ने जूस पिलाकर उनका शिल्पा मेहता का पालना कराया जुलूस में



जैन समाज के महिला पुरुष और जनप्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा नपा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष कमलेश कावड़िया स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष रजनीकांत खाबीया पार्षद राहुल सोनी पार्षद महावीर कोठारी पार्षद दिलीप टेलर और समाज के वरिष्ठ जन प्रकाश चंडालिया अर्पण चोपड़ा बसंत चोपड़ा चंद्रकांत मेहता पंकज लुणावत मुकेश चंद्र लुणावत अमित लुणावत सुभाष चंद्र रावत नरेश मेहता रितेश मेहता टोनी मेहता और परिजन से मेहता परिवार जुलूस में शामिल था।

## डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को तिरंगा फहराने हेतु जागरूक किया

मरुधर विशेष/ दीक्षित कुमार

**अलवर।** बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मैं 5 अगस्त2022 को गोद लिए गाँव भगवानपुरा मैं आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत एवं हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरोज मीणा के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को तिरंगा




फहराने हेतु जागरूक किया साथ ही लोगों को सूती वस्त्र से बने तिरंगा भी अपने घर लगाने के लिए वितरित किए गये स्वयंसेवकों ने आज़ादी के नारे लगाते हुए गॉव में रैली का भी आयोजन किया । इस मौके पर स्वयंसेवकों में हरफूल वैरवा, संतोष चौधरी, गौरव, संगीता , सेजल, कृष्णा, प्रियंका, रेशू, महजर आदि ने घर घर जाकर आज़ादी के अमृत महोत्सव के महत्व को समझाया ।

# दलित शोषण मुक्ति मंच ने जानलेवा हमला करने वालों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

### अलवर एसपी ने तुरंत खेडली एसएचओ को एफआईआर दर्ज करने दिए आदेश

मरूधर विशेष




**कठूमर। दिनेश लेखी।** दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा एवं जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को थाना खेड़ली गांव दांतियां के अनुसूचित जाति के तारा खटीक पर जानलेवा हमला एवं जाति उत्पीड़न के मामले में कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग के लिए ज्ञापन दिया। प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा ने बताया कि इस मामले पर संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक ने खेड़ली थानाधिकारी को तुरंत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इस अवसर पर पीड़ित तारा खटीक के पिताजी गुड़याराम एवं अन्य परिवारजन एवं डीएसएमएम जिला सहसंयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव,एडवोकेट बनवारी मिमरोठ,अनिल खींची, निकेश, हरिओम, अतुल,निखिल,कुलदीप, रोबिन ,सागर,प्रहलाद,ऋषभ,प्रदीप,गोपेश,मोनू,विष्णु, भुवनेश,एडवोकेट शब्बीर खान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। इधर ज्ञापन में बताया कि कठूमर तहसील के खेड़ली थाना के गांव दांतिया के अनुसूचित जाति के व्यक्ति तारा खटीक उम्र 24 साल की गांव के दबंगों द्वारा बेरहमी से पिटाई कर जानलेवा हमला किया गया है। लेकिन खेड़ली थाने की पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़ित और उसका परिवार डर के साए में है। उल्लेख है। कि 31 जुलाई को तारा खटीक शाम करीब 5 बजे खेड़ली से अपने गांव दांतिया जा रहा था। तभी किराए को लेकर बंटी जैन,विजय जैन,भारत जैन,भुवनेश से बहस हो गई। गुस्से में आकर इन सब ने मिलकर तारा खटीक के साथ लात घूंसों से मारपीट की। वहां से किसी तरह से तारा अपनी जान बचा कर भागकर अपने गांव आ गया। उसके बाद गांव दातिया आकर तारा घर पहुंचा ही था कि बंटी जैन,विजय जैन,भारत जैन, भुवनेश जैन ने अपने दोस्त सुखबीर सिंह नरूका,राजू सिंह,प्रमोद सिंह,गौतम सिंह,दीपक सिंह,सुरेंद्र सिंह,दिनेश जाट,दिलीप सिंह,नवाबसिंह ने एक राय होकर तारा खटीक को जातिसूचक शब्दों से गाली गलोंच करते हुए तारा खटीक पर लाठी , डंडा,फरसी से जानलेवा हमला किया। तारा खटीक को मरा मानकर भाग गए। सूचना मिलने पर खेड़ली थाने की पुलिस आई। पुलिस ने वीडियोग्राफी की। एंबुलेंस में डालकर पुलिस खेड़ली अस्पताल ले गई तो नाजुक स्थिति मानकर तारा को अलवर रेफर कर दिया। स्थिति खराब होने के कारण अलवर से तारा को जयपुर रैफर कर दिया। तारा खटीक का सवाई मानसिंह अस्पताल (एस एम एस) में इलाज चल रहा है। बताया गया है कि तारा खटीक की हालात सही नहीं है। इनके हाथ पैर में कई जगह फैक्चर हैं। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ अभी तक भी कोई कार्यवाही नहीं की। तारा के परिवारजन को जान से मारने की धमकी दी गई जिससे तारा खटीक का परिवार गांव से पलायन कर गया है। गांव और घर से विस्थापन के हालात बन गए हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने महंगाई, बेरोजगारी,अग्निवीर योजना,ईडी का दुरुपयोग एवं यंग इंडिया ऑफिस को सील करने के विरोध में किया प्रदर्शन

### कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा एवं सामुहिक गिरफ्तारी दी

मरूधर विशेष



**कठूमर। दिनेश लेखी।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ने आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी,अग्निवीर योजना, ईडी का दुरुपयोग एवं यंग इंडिया ऑफिस को सील करने के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व मे होप सर्कस से कलेक्ट्रेट तक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्टर को राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा एवं सामुहिक गिरफ्तारी दी।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा शासित केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है पेट्रोल,डीज़ल, एलपीजी, दालें खाद्य तेल, प्रीपेड अनाज, आटा ,शहद, दूध, दही, पनीर जैसी जरूरी वस्तुओं पर बढ़ी कीमतों ने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

देश ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर रखा है ।विवादास्पद, खराब कल्पना और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्नीपथ योजना से लाखों बेरोजगार युवाओं की आकांक्षा को नष्ट कर दिया है। राजनीतिक द्वेषता के चलते यंग इंडिया का आफिस सील कर दिया गया एवं ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। केंद्र की तानाशाह सरकार तक आम जनता की आवाज को पहुंचाने के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सड़क से संसद तक तैयार है।

विरोध प्रदर्शन में अजीत यादव,राजेंद्र गन्डुरा, रोहिताश चौधरी,बलवीर छिल्लर,रूप नारायण शर्मा, सुरेंद्र माथुर,अशोक शर्मा, रामबहादुर सिंह तंवर,कविता यादव,डाँ जी एस नरूका, बलराम यादव, अजय अग्रवाल, बिजेन्द्र महलावत, गफूर खान, शीला मीणा, सतीश भाटिया, राजेंद्र पाल शर्मा, हरिशंकर रावत, समसुद्दीन, हीरेन्द्र शर्मा , जोगेंद्र कोचर , अजय मेठी, रमन सैनी, मोहनलाल, दीपेन्द्र सैनी, सूरजमल कर्दम, रमेश जुनेजा, फूलचंद शर्मा, अरविंद अवस्थी, जीत कौर सांगवान, रिपु दमन गुप्ता, रामस्नेही शर्मा, साजिद खान, राजेश विरमानी, पंकज शर्मा, सुनील पाटोदिया, दुलीचंद मीणा, के के खंडेलवाल, दशरथ सिंह शेखावत, बीना नरूका, शशि कला, पुष्पा, प्रीतम मेंदीरत्ता, दुर्गा सिंह, राजेशकृष्ण सिद्ध, एस आर यादव , जगदीश सिंघल, इम्तियाज खान, श्याम लाल खत्री,जेडी आर्यन, नितिन धाकड़, मोहित जैन, सिद्धार्थ व्यास, गोपाल जायसवाल, मनीष कोली,विवेक प्रधान, जय खुराडिया, प्रेमेंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा, कांति जैन, गौरीशंकर विजय, छंगामल लखेरा, डालचंद भारद्वाज, चरत गोपालिया, वेद प्रकाश सिंघल, बृजेंद्र सेन, कमल सेन, रवि कपूर मुकेश शर्मा, दीपू सैनी, मुन्नू शर्मा हीरालाल सैनी, अशोक नंदा, अब्दुल, सूरज मीणा, प्रेम सिंह मीणा, पूरणमल सैनी, मोहन लाल सैनी, ज्ञान सिंह गुर्जर, मम्मन खान, नंदराम, जाकिर हुसैन, राम प्रकाश शर्मा, भगवान सहाय बैरवा, शौकीन खान, शिब्बू गुर्जर, गोकुल, मौसमी देवी, संजय गुर्जर, रमेश मीणा, बाबूलाल जोगी, नवाब खान, जुबेर, समीन, नसरू खान, वली मोहम्मद, जोरमल, जगदीश सोनी, दयाराम यादव, मनीष भारद्वाज आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में आसमान छूती महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध प्रदर्शन

मरुधर विशेष/ हवासिँह चौधरी

**अलवर।** शहर में 5 अगस्त 2022 को जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में आसमान छूती महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रात 10ः00 बजे होप सर्कस अलवर से विरोध प्रकट किया गया जिसमें अग्निवीर योजना एवं यंग इंडिया ऑफिस सील करने के विरोध में ईडी द्वारा विपक्ष को दबाने की कोशिश करना मर्जी हो जिसको श्वस्त्र का नोटिस थमा देना केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेसका हल्ला बोल प्रदर्शन अलवर में जिसमें ऊंट गाड़ी का प्रयोग किया गया क्योंकि पेट्रोल और डीजल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें इतनी बढ़ा दी की हर आदमी का जीना दुर्लभ हो गया वह किस तरह अपने घर को चलाएं और किस तरह बच्चों को पढ़ा है यह समझ से परे है हर चीज पर टैक्स लगा दिया गब्बर टैक्स जिसको कहते हैं जीएसटी अगर आप दूध खरीदते हैं तो टैक्स देना होगा और दूध किसी कारण से फट जाए तो भी टैक्स देना होगा फटे दूध का भी क्योंकि आप उसका पनीर बना रहे हो बड़े शर्म की बात है ऐसी कोई चीज नहीं छोटी जिस पर टैक्स नहीं लगा हो इन सभी



बातों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने होप सर्कस से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया जिसमें ऊंट गाड़ी का प्रयोग किया गया इस कार्यक्रम में मौजूद रहे जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा पूर्व प्रधान, जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व पीसीसी सचिव अजीत यादव, मैडम कविता यादव पीसीसी सदस्य, डॉक्टर जी एस नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़, अलवर जिला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर एवं प्रभारी दल जगत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल महासचिव रिपुदमन गुप्ता, नितिन धाकड़, राहुल मीणा, राजेश विरमानी, सेठू राम मीणा सीटीआई, पूर्व प्रधान मुंडावर रोहिताश चौधरी, मोहित जैन संयुक्त सचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल, एडवोकेट दुलीचंद मीणा जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस सेवा दल अलवर, प्रीतम, मेहंदी दत्ता, श्रीराम मीणा, हरे कृष्ण मीणा, जितेंद्र सिंह नरूका, विजेंद्र सिंह, नरूका गौरव सिंह, नरेश यादव बहरोड़ शहर ब्लॉक अध्यक्ष, अजय अमेठी, जोगेंद्र कोचर ब्लॉक अध्यक्ष, सर हरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी शहर के सभी ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद प्रधान सरपंच अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे कलेक्ट्रेट जाकर एडीएम सिटी ओमप्रकाश सारण को ज्ञापन दिया।

# एसडीएम ने समझाईस कर कराया धरना समाप्त

मरुधर हिंद /आमिर खान कामां

कामां-भूखों मरने के कगार पहुंचे कामां कस्बे के एक गरीब परिवार ने उपखंड कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया धरना देने वाले परिवार ने बीपीएल के राशन कार्ड को दोबारा शुरू करा कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है 7
कामा कस्बा निवासी श्यामवीर पुत्र चंदी सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2003 में उसका राशन कार्ड बीपीएल श्रेणी में चयनित था उसे राज सरकार द्वारा गरीबों को दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ मिलता था गरीबी के कारण धर्म परिवर्तन कर लिया था और अपना जीवन यापन भी दूसरे धर्म के अनुसार कर रहा था 10 वर्ष बाद दोबारा अपने हिंदू धर्म में लौटने पर उसे अब बीपीएल श्रेणी का लाभ नहीं मिल रहा है पीड़ित ने बताया कि वह बेहद गरीब श्रेणी का व्यक्ति है उसके पास ना तो मकान है ना ही खाने की कोई व्यवस्था है वह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करता है उसकी पत्नी का भी स्वास्थ्य कमजोर होने के कारण उसकी इलाज के लिए भी पैसे नहीं है तीन छोटे-छोटे बच्चे



हैं जिनकी परवरिश में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पीड़ित श्यामवीर ने बताया कि पहले भी कई बार उपखंड अधिकारी से मिलकर उनको इस बारे में अवगत करा चुका है मुख्यमंत्री, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर को भी पत्र लिख चुका है लेकिन उसका बीपीएल कार्ड अभी तक शुरू नहीं किया गया है मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पीड़ित ने चेतावनी भी दी थी कि अगर उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अपने परिवार सहित पॉच अगस्त से उपखंड अधिकारी कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर हो जाएगा इतना सब होने के बावजूद भी प्रशासन ने पीड़ित परिवार की समस्या पर गौर नहीं किया और मजबूरन उसे आज धरना देने को मजबूर होना पड़ रहा है7 वहीं दूसरी ओर धरने की सूचना मिलने पर दोपहर को एसडीएम दिनेश शर्मा ने पीड़ित परिवार से समझाईस की और उसके बंद हुए बीपीएल राशन कार्ड को जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया वहीं दूसरी ओर रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा भी पीडित परिवार को मदद के तौर पर एक कट्टा गेहूं की व्यवस्था की गई जिसके बाद पीड़ित परिवार ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

## तिजारा सेन समाज समिति की कार्यकारिणी गठित की गई

मरुधर हिंद राकेश सैनी

तिजारा श्री सेन समाज सम्राट समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार सेन द्वारा तिजारा सेन समाज अध्यक्ष निरंजन लाल सैन को बनाया वही जिला महासहिव ईशवर सैन बनाया गया जिसमें तिजारा सेन समाज धर्मशाला में समाज बंधु युवा साथियों द्वारा निरंजन लाल सैन व ईशवर सेन का माल्यार्पण वह साफा



बांधकर स्वागत सम्मान किया गया वही नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन लाल सेन ने बताया कि समाज उत्थान के लिए समाज को साथ लेकर कार्य किए जाएंगे जिससे कि समाज को आगे बढ़ाया जाए वह प्रतिभा व्यक्तियों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। इस अवसर पर कन्हैया लाल सेन, दीपक सेन, राम किशन मेघवाल प्रदेश ऐसी महामंत्री भाजपा, बने सिंह, महेश सैन ,सुरेश यादव ,भारत सैनी, रवी कसाना प्रीतम पहाड़िया धर्मवीर सैनी,रजित मेघवाल, अनिल दहिया, मोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## तिजारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में दमनकारी नीति के खिलाफ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

मरुधर हिंद राकेश सैनी

तिजारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ रैली निकालकर तिजारा तहसील दार बसंत कुमार को ज्ञापन सौंपा है आज कांग्रेश कार्यकर्ताओं सांसद हर्षवर्धन के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई जीएसटी और क्या नई सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध किया गया



इस रैली में उत्तर प्रदेश हरियाणा दिल्ली झारखंड सहित अनेक राज्यों के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे इस रैली में तिजारा नगर पालिका अध्यक्ष जब्बू राम सैनी मनोज नंबरदार उस्मान खान राजेश हरीश कुमार सांवरिया उपाध्यक्ष नगर पालिका पवन खटाना उपस्थित रहे

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन कर जेल भरो आंदोलन

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** आज कुशलगढ़ में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर केंद्र सरकार के खिलाफ बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन कर जेल भरो आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तारी देकर विरोध प्रदर्शन किया। महंगाई पर हल्ला बोल विधायक रमिला खड़िया के नेतृत्व में किया गया महंगाई जीएसटी के खिलाफ जेल भरो आंदोलन किया गया।



इस दौरान पीसीसी सदस्य हसमुख लाल सेठ, ब्लॉक अध्यक्ष जयंतीलाल कोवालिया,नेता प्रतिपक्ष रजनीकांत खाबिया,पंचायत समिति सदस्य विजय सिंह खड़िया,युवा नेता रोहित खड़िया,राजू प्रजापत,पूर्व सरपंच छगनलाल खड़िया,सोहन कटारा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगरपालिका कुशलगढ़ ने प्रशासन शहरों के संग अभियान में 69 ए के 20 पट्टे वितरित किये

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

कुशलगढ़-प्रशासन शहरो के संग अभियान के तहत वार्ड 9 और 10 के कैम्प में 69ए के 20 पट्टे वितरित किये गए।नगरपालिका कुशलगढ़ द्वारा लगाए गए प्रशासन शहरो के संग अभियान में पट्टे वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष बबलू मईडा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक लोगो को अभियान का लाभ मिले। नगरपालिका प्रशासन ने घर घर जाकर सर्वे कराया है । लोगो को अपने जमीन और मकान संबंधित दस्तावेज लेकर कैम्प में आना चाहिए । अभियान में 5 नामांतरण 3 निर्माण स्वीकृति जारी की गई।अभियान के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष नितेश



बैरागी,अधिशाषी अधिकारी सोहनलाल नायक,स्थानीय पार्षद राहुल सोनी, महेंद्र शाह,शंकरलाल डामोर,संजय चौहान,बुद्धिलाल शाह,वैभव नीमा,मनीष मईडा,अंकित चोकलिया आदि उपस्थित थे ।

## खेल को जीवन का अंग बनाएं- शर्मा

अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बागीदौरा.** उपखंड अधिकारी सी एल शर्मा ने कहा कि खेल से ही जीवन में अनुशासन आता है। खेलों के माध्यम से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। अनुशासित जीवन जीने के लिए खेलों को जीवन का अंग बनाएं। यह बात गुरुवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक मशाल यात्रा के अभिनंदन समारोह में कही। इस अवसर पर बागीदौरा प्रधान सुभाष खराड़ी ने राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को तराशने के लिए आयोजित



ओलंपिक प्रतियोगिता में अधिक से अधिक तादाद में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विकास अधिकारी भरत कुमार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण जोशी, एसीबीईओ बसंत सोनी, बागीदौरा सरपंच रुकमणी आर्य ने विचार व्यक्त किए। मशाल यात्रा के साथ आये जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईड़ा, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी वीरेंद्र सिंह का अभिनंदन किया। इस अवसर पर रथ यात्रा में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। आरंभ में स्वागत राबाउमावि के प्रधानाचार्य विनोद कुमार निनामा ने किया। कार्यक्रम में बागीदौरा मुख्यालय पर अध्ययनरत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह का संचालन विनोद पानेरी ने किया। आभार राउमावि बागीदौरा के प्रधानाचार्य गौतम लाल कटारा में व्यक्त किया। कार्यक्रम में धूलिया हुवोर, गणेश पाटीदार, विकेश पाटीदार, तोलाराम डिंडोर, शेर सिंह गरासिया, मणि चरपोटा, मनीषा जैन, कन्या निनामा, रेखा हुवोर, फूलन परमार ने सहयोग किया। अतिथियों ने रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर सज्जनगढ़ के लिए रवाना किया।

## संपादकीय

# छापेमारी का लोकतंत्र

लोकतंत्र का मूल चरित्र होता है पक्ष और विपक्ष के सहयोग-सामंजस्य से शासन चलाना। भारी बहुमत से हासिल सत्ता के ये मायने कदापि नहीं हैं कि विपक्षी दलों की आवाज को कमजोर किया जाये। उन्हें वित्तीय अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिये बनी केंद्रीय एजेंसियों के जरिये दबाया जाये। हालांकि, यह कोई नई प्रवृत्ति नहीं है और विगत में कई केंद्र में आसीन सरकारों पर भी इन सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप विपक्ष द्वारा गाहे-बगाहे लगाये जाते रहे हैं। बात केवल इतनी ही कि ऐसे कानूनों व एजेंसियों के दुरुपयोग के मामलों की संख्या में कुछ अंतर रहता है। हाल के दिनों में प्रवर्तन निदेशालय की अति सक्रियता को लेकर विपक्ष मुखर रहा है। उसका आरोप है कि गैर-भाजपा वाली राज्य सरकारों व उनके नेताओं को ही निशाना बनाया जाता है। जबकि भाजपा शासित राज्यों में किसी नेता पर कार्रवाई होती नजर नहीं आती। यही वजह कि हाल ही में ईडी के अधिकारों को लेकर आए शीर्ष अदालत के फैसले पर विपक्षी दलों ने निराशा जतायी है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस समेत 17 विपक्षी दलों ने साझा बयान जारी करके प्रवर्तन निदेशालय को मिले अधिकारों पर सवाल उठाकर धनशोधन निवारण कानून यानी पीएमएलए की समीक्षा की भी मांग की है। विपक्ष का मानना है कि ईडी को मिले अधिकारों पर शीर्ष अदालत के फैसले से केंद्र सरकार की मनमानी बढ़ेगी। कालांतर सरकारें मनमाने व्यवहार करेंगी और भारतीय लोकतंत्र में उसके दूरगामी परिणाम होंगे। विपक्ष का कहना है कि कोर्ट के फैसले में धनशोधन निवारण कानून में किये गये संशोधनों को यथावत रखा गया है। इन संशोधनों की व्यापक पड़ताल की जरूरत थी। दरअसल, विपक्षी दलों को आशंका है कि ईडी के अधिकारों को मान्यता से केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की प्रवृत्ति बढ़ेगी। विपक्ष ने विश्वास जताया है कि इसके बावजूद कालांतर संवैधानिक प्रावधानों की ही जीत होगी। उल्लेखनीय है कि इस साझा बयान पर कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, सीपीएम, सीपीआई, आरजेडी, शिवसेना आदि सत्रह दलों की सहमति है।

दरअसल, बड़े बहुमत से सत्ता में लगातार दूसरी बार आई भाजपा की केंद्र सरकार पर विपक्ष बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाता रहा है। महाराष्ट्र में पूर्व सरकार के मंत्रियों व नेताओं के अलावा पश्चिम बंगाल आदि में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी को विपक्ष राजनीतिक दुराग्रह की कार्रवाई के रूप में देखता है। नेशनल हेराल्ड मामले में कार्रवाई को इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। सर्वप्रथम कांग्रेस के दो शीर्ष नेताओं से पूछताछ और फिर नेशनल हेराल्ड के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी को राजनीतिक दुराग्रह के रूप में देखा जा रहा है। फिर यंग इंडियन के दफ्तर को सील करने पर भी विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी समाचार पत्र के कार्यालय में इस तरह की कार्रवाई कई सवालों को जन्म देती है। ऐसी कार्रवाई करते समय केंद्रीय एजेंसियों को अपनी विश्वसनीयता का ख्याल भी रखना चाहिए। जैसे कि शीर्ष अदालत कई बार सीबीआई को पिंजरे के तोते की संज्ञा देकर उसकी विश्वसनीयता का प्रश्न उठाती रही है। सरकारें तो आती-जाती रहती हैं लेकिन लोकतंत्र की विश्वसनीयता व कानून की व्यवस्था के अनुपालन के लिये इन एजेंसियों को नीर-क्षीर विवेक से काम लेना चाहिए। इस कार्रवाई की विश्वसनीयता व तार्किकता से देश की जनता को भी सहमत होना चाहिए। निस्संदेह, देश में भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए, लेकिन कोई कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जनादेश से होने वाले बदलाव के बाद फिर इसी तरह दुराग्रह से कार्रवाई का सिलसिला चलता रहेगा। यह विडंबना ही है कि विपक्ष में रहते हुए जो राजनीतिक दल जिन एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते रहे हैं, वे सत्ता में आने के बाद उसी तरह के कृत्यों को अंजाम देने लगते हैं। जिससे आम आदमी को समझ नहीं आता कि कौन सच कह रहा है और कौन झूठ। निस्संदेह, ऐसी कार्रवाई से देश में बदले की राजनीति को ही प्रश्रय मिलेगा। जो स्वस्थ लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता।

# 104 साल की उम्र में हुआ हार्ट वॉल्व रिप्लेसमेंट, मिली जीवन की नई आशा

## देश में अब तक के सबसे अधिक उम्र के मरीज में हुआ नॉन सर्जिकल वॉल्व रिप्लेसमेंट



**मरूधर विशेषजयपुर।** कार्डियक साइंस के क्षेत्र में जयपुर में एक बार फिर नया कीर्तिमान रचा गया है। देश में अब तक के सबसे अधिक उम्र के मरीज में बिना सर्जरी के हार्ट वॉल्व रिप्लेसमेंट प्रोसीजर टावी (ट्रांस कैथेटर एओर्टिक वॉल्व इंप्लांटेशन) हुआ है। शहर के इटर्नल हॉस्पिटल में यह प्रोसीजर डॉ. अमित चौरसिया व उनकी टीम ने कर दिखाया है। इससे पहले भारत में 92 वर्ष तक के मरीज का टावी तकनीक से सफल केस रिपोर्ट किया गया है। शुक्रवार को हुई इर्टनल हॉस्पिटल में हुई प्रेस वार्ता में डॉक्टर्स ने केस के बारे में जानकारी दी, साथ ही मरीज ने भी अपना अनुभव साझा किया।

### छाती में दर्द की शिकायत पर पहुंचे थे हॉस्पिटल

हॉस्पिटल के स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज डायरेक्टर डॉ. अमित चौरसिया ने बताया कि मरीज को छाती में दर्द और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी जिसके चलते वे यहां हॉस्पिटल आए थे। 2डी ईको जांच में उनके हार्ट के एओर्टिक वॉल्व में सिकुड़न देखी गई थी, तभी उन्हें वॉल्व रिप्लेसमेंट की सलाह दी गई थी। उनका एंजियोग्राम भी किया गया जिसमें सामान्य ब्लॉकेज थे। ऐसे में यह स्पष्ट हो गया कि एओर्टिक स्टेनोसिस के कारण ही उन्हें छाती में दर्द हो रहा था। वॉल्व रिप्लेसमेंट का प्रक्रिया को समझते हुए उन्होंने प्रोसीजर के लिए तुरंत अनुमति दे दी। काफी ज्यादा उम्र होने के कारण सर्जरी से वॉल्व रिप्लेसमेंट संभव नहीं था इसीलिए टावी तकनीक से उनका वॉल्व बदला गया। सिर्फ डेढ़ घंटे में ही पूरा प्रोसीजर हो गया और उन्होंने अगले दिन चलना-फिरना शुरू भी कर दिया। प्रोसीजर के चौथे दिन मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

### अधिक उम्र में भी सुरक्षित है नई तकनीक

मरीज का शुरूआती ट्रीटमेंट हॉस्पिटल के प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी डायरेक्टर डॉ. आलोक माथुर देख रहे थे। उन्होंने बताया कि अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी बात करें इटर्नल हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. समीन शर्मा के द्वारा न्यूयॉर्क में 105 वर्ष की महिला का टावी प्रोसीजर सफलतापूर्वक किया जा चुका है। भारत में 104 साल की उम्र में टावी से ट्रीटमेंट अपने आप में बड़ी उपलब्धि है जोकि जयपुर के हॉस्पिटल द्वारा दर्ज हुई है। कार्डियक सांइस विभाग के चेयरमैन डॉ. अजीत बाना ने कहा कि एओर्टिक स्टेनोसिस से जूझ रहे मरीजों में दवाएं कम काम करती हैं। अगर बीमारी का इलाज दवाओं से ही जारी रहता है तो बीमारी होने के पहले वर्ष में जीवित रहने की संभावना 50त्न और दूसरे वर्ष में सिर्फ 20त्न ही रह जाती है। टावी उन लोगों के लिए एक सुरक्षित विकल्प है जिन्हें ओपन सर्जरी से हाई व मिडियम रिस्क है। केस को सफल बनाने में स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज एक्सपर्ट डॉ. प्रशांत द्विवेदी, नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत चतुर्वेदी, कार्डियक एनस्थेटिस्ट डॉ. नवनीत मेहता का विशेष सहयोग रहा। हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा व सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश ने कहा कि यह बड़ी उपलब्धि है कि देश के सबसे बुजुर्ग पेशेंट का टावी प्रोसीजर जयपुर में हुआ है और वर्ल्ड क्लास ट्रीटमेंट फैसिलिटी जयपुर में उपलब्ध कराने में इटर्नल हॉस्पिटल का महत्वपूर्ण योगदान है।

# जीवन-सौन्दर्य के लिए चाहिए संस्कृति संवर्धन

वर्तमान में सरकारी तंत्र में अनेक विभाग और संस्थाएं हैं जो संस्कृति के विभिन्न पक्षों का दायित्व निर्वहन कर रही हैं। इनके बीच में सामंजस्य का अभाव है और संस्कृति को वरीयता का प्रश्न नहीं माना जाता। फलत- संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का प्रश्न व्यवस्था के मकड़जाल में उलझ जाता है और शासन के सकारात्मक रुख के बावजूद अनेक योजनाएं आरंभ ही नहीं हो पाती हैं या फिर अपूर्ण रह जाती हैं अथवा कम गुणवत्ता के साथ और विलंब से पूरी हो पाती हैं। इस दृष्टि से सांस्कृतिक कार्य में तालमेल बिठाते हुए जन भागीदारी के साथ संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का कार्य आवश्यक है।



गिरीश्वर मिश्र

संस्कृति लोक-जीवन की सतत सर्जनात्मक अभिव्यक्ति का पुंज होती है जिसका इतिहास, साहित्य, शिक्षा, विविध कला रूपों, स्थापत्य, शिल्प तथा जीवन-शैली आदि के साथ घनिष्ठ संबंध होता है। संस्कृति को उन उदात्त जीवन मूल्यों के रूप में भी देखा जाता है जो आदर्श रूप में प्रतिष्ठित होते हैं और समाज की गतिविधि के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। बहु आयामी संस्कृति की सत्ता उन अनेकानेक मूर्त और प्रतीकात्मक परंपराओं में रची-पगी विभिन्न रूपों में सामाजिक जीवन में उपस्थित रहती है। वह वाचिक प्रथाओं और व्यवहारों के प्रत्यक्ष अभ्यासों के रूप में पीढ़ी-दर-पीढ़ी संक्रमित होते हुए आगे बढ़ती है। संस्कृति के सभी पक्षों में समय के साथ परिवर्तन भी अनिवार्य रूप से घटित होते हैं। दूसरी संस्कृति(यों) के साथ सहयोग और (या) संघर्ष की प्रवृत्ति वाले प्रभाव भी जन्म लेते हैं। उनको लेकर क्रिया- प्रतिक्रिया भी होती है। इसलिए ऐतिहासिक दृष्टि से देखने पर आतंरिक और बाह्य प्रभावों के फलस्वरूप संस्कृति में उतार-चढ़ाव भी परिलक्षित होते हैं।

संस्कृति-यात्रा के मार्ग में व्यवधान भी आते हैं, संस्कृति का रूपांतरण भी होता है, अंशत- क्षरण या लोप भी होता है। अपसंस्कृति की चुनौती भी आती है और सांस्कृतिक पुनराविष्कार तथा पुनर्जीवन भी होता है। दूसरी संस्कृति(यों) के साथ संपर्क में आने पर उनके बीच होने वाला पारस्परिक संवाद और आदान-प्रदान कई प्रकार का होता है। विभिन्न सांस्कृतिक प्रभावों की आवाजाही निरंतर बनी रहती है। कहना न होगा कि सांस्कृतिक संपर्क का वेग और आकार संचार, राजनैतिक रिश्तों व गमनागमन की सुविधाओं की उपलब्धता के साथ घटता-बढ़ता रहता है। आज के वैश्वीकरण के दौर में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के चलते कई स्तरों पर सांस्कृतिक संचरण अप्रत्याशित रूप से प्रबल हो रहा है परंतु महात्मा गांधी के शब्दों में कहें तो श्रेयस्कर स्थिति यही है कि हम अपनी जमीन पर टिके रहें और घर की खिड़कियाँ खुली रहें ताकि बाहर की हवा आती-जाती तो रहे पर हम जड़ों से न उखड़ें। तभी संस्कृति की अनुकूलता और उर्वरता बनी रहती है। भारत में संस्कृति के स्वरूप, उसमें बदलाव और अपसंस्कृति के प्रश्न चर्चा के केंद्र में आ रहे हैं।

वस्तुत: संस्कृति वर्तमान में रहते हुए एक ओर अतीत को प्रतिबिंबित करती है तो दूसरी ओर भविष्योन्मुखी दृष्टि से समाज को विभिन्न जीवन व्यापारों में संलग्न करती है। समाज स्वभाव से ही कर्म या व्यवहार के धरातल पर अपने को निरंतर रचने-रचाने में लगा रहता है। इसीलिए संस्कृति हमें सदैव गतिशील रूप में ही उपलब्ध रहती है। उपनिषद् की शब्दावली में चरैवेति ! चरैवेति ! -ही संस्कृति की जीवन्तता सूत्र है, वही कल्याणकारी है - चरन् वै मधु विन्दति। यह अलग बात है कि समझने की सुविधा के लिए हम संस्कृति का एक ठहरा रूप (स्टिल फोटोग्राफ) ग्रहण कर लेते हैं और उसे चिरस्थायी मानने का भ्रम भी पाल बैठते हैं।

चूंकि मनुष्य स्वभावत: एक संस्कृतिजीवी प्राणी है, संस्कृति की जीवन्तता बनाए रखना प्रत्येक समाज का दायित्व बन जाता है। आज विश्व में प्रत्येक सचेत समाज अपनी संस्कृति को संजोने और समृद्ध करने के लिए यत्नशील देखा जा सकता है। संसार में हर जगह अपने सांस्कृतिक गौरव-बोध बनाए रखने के लिए तरह-तरह के प्रयास किये जा रहे हैं और इस कार्य को मानवोपयोगी स्वीकार करते हुए वैश्विक स्तर पर यूनेस्को जैसी संस्था गठित की गई है जो सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन के कार्य को अंजाम देती है। सभी देश अपने यहाँ की संस्कृति के विभिन्न पक्षों को लेकर नाना प्रकार के आयोजन करते रहते हैं। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि संस्कृति समाज के लिए स्मृति की भांति कार्य करती है जिसके बिना अपनी पहचान और अस्मिता का निर्माण कठिन चुनौती बन जाती है। इस तरह संस्कृति का स्पंदन सामाजिक जीवन को समृद्ध करता है और उत्कृष्टता की ओर निर्दिष्ट करता है। संस्कृति में संलग्नता अनंत संभावनाओं को जन्म देती है।

संस्कृति स्वभाव से लोकतांत्रिक प्रक्रिया होती है और सांस्कृतिक क्षेत्र के बीच पर्याप्त साझेदारी होती है और उस क्षेत्र के निवासियों के बीच घनिष्ठ सामाजिक-सांस्कृतिक सम्बन्ध होते हैं। भारतीय संस्कृति के निर्माण में विभिन्न धर्मों, जातियों, जन-जातियों, समुदायों की विविध परम्पराओं की उल्लेखनीय भूमिका रही है। लोक और शास्त्र दोनों ही दृष्टियों से संस्कृति की यात्रा चलती रही है। इस क्रम में विराट और लघु सांस्कृतिक परम्पराओं की अन्यान्य श्रृंखलाएं विकसित होती रही हैं। यह सब उपक्रम वैविध्यपूर्ण है और अत्यंत विस्तृत क्षेत्र में होता आ रहा है। इन सबसे यही संकेत मिलता है कि यहाँ की संस्कृति अनेक क्षेत्रों और आयामों में समृद्ध है। इसका स्मरण मात्र ही हर्ष से रोमांचित करने वाला है कि हम कितनी बड़ी और बहुलता वाली विविधवर्णी सांस्कृतिक संपदा के वारिस हैं।

इस प्रसंग में यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि विकास के पथ पर अग्रसर और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी को आत्मसात कर रहे उत्तर प्रदेश के जीवन में गावों की विशेष भूमिका है। गाँव का स्मरण करते हुए हमें एक विलक्षण अन्तर्विरोध दिखता है। एक ओर वहां सरल जीवन है तो दूसरी ओर कठिन जीवन की परिस्थितयां हैं। गाँव वस्तुत- अद्भुत हैं और यहाँ रहने वाले लोग भी कठिन परिस्थितियों में भी जिवीविषा के साथ जीवन-यापन कर रहे हैं। कभी राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने यदि कहा अहा ग्राम्य जीवन भी क्या है, क्यों न इसे सबका मन चाहे तो कविवर सुमित्रानंदन पन्त 'भारत माता ग्रामवासिनी' में कहते हैं खेतों में फैला है श्यामल, धूल भरा मैला सा आँचल, गंगा यमुना में आंसू जल, मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी। यह विसंगति गाँव की नियति बन गई है।

पिछले दशकों में परिस्थितियां बदली हैं और विकास को शहर केंद्रित मान कर चला गया है और उसी के साथ गाँव और शहर दोनों की संरचना और स्वभाव भी बदला है फिर भी उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक परिदृश्य की चर्चा में गाँव के लोक-जीवन को केंद्र में रखना आवश्यक होगा जो संस्कृति का मूल उत्स है। इस दृष्टि से यह रेखांकित किया जाना आवश्यक है कि प्रदेश की संस्कृति मूलत- लोकाभिमुख है और गहन लोक-व्याप्ति ही उसकी शक्ति है। इस संस्कृति की सर्वप्रमुख विशेषता उसकी वाचिकता है। आज भी ग्रामीण क्षेत्र में वाचिक परम्पराओं में रची-बसी जीवन-चर्या सभी पृष्ठभूमियों के आम जनों के जीवन में प्रखर रूप में जीवित है। वाचिक परम्परा में ढले लोक-नाट्य, लोक-गीत और लोक-वाद्य आज भी मेले, पर्व और उत्सव में आकर्षण के केंद्र रहते हैं। वाचिकता में मानवीय रिश्तों की निकटता और ऊष्मा स्वाभाविक रूप से पारस्परिकता और साझेदारी का अवसर देती है।

तीव्र नगरीकरण और बाजार के प्रभाव बढ़ने के बावजूद देश की जनसंख्या के बहुत बड़े भाग में आज भी जीवन में कृषि-कर्म केंद्रीय बना हुआ है और सांस्कृतिक चेतना को अनुप्राणित करता है। धरती और ऋतुएँ आज भी खेती-किसानी के इर्द-गिर्द जीवन को संचालित कर रही हैं। इस विस्तृत लोक-जीवन में सांस्कृतिक आयोजन (जैसे-भिखारी ठाकुर के नाटक, नौटंकी, लोरिकायन, इसुरी के फाग, रासलीला, रामलीला, हरि-कीर्तन, भागवत कथा, रामकथा) और विभिन्न अंचलों में प्रचलित लोक-गायन (जैसे-बिरहा, आल्हा, सोहर, चैता, होली, कजरी, संस्कार-गीत, श्रम-गीत) बहुमूल्य सांस्कृतिक सम्पदा निर्मित करते हैं। लोक-संस्कृति की सम्पन्नता यहाँ की वेशभूषा, खानपान, व्यंजन, तीज-त्योहार, रहन-सहन, भाषा-बोली इत्यादि में परिलक्षित होती है। घर में प्रयुक्त छोटे-छोटे उपकरण भी स्थानीयता की छाप रखते हैं। पशु, पक्षी, वृक्ष, लता, गुल्म, फल, फूल, शाक, सब्जी, जड़ी, बूटी आदि की विविधता से परिचित कराता यहाँ का पर्यावरण ज्ञान और अनुभव की दृष्टि से समृद्ध करने वाला है। गाँव के परम्परागत व्यवसाय में लगे लोग अपने ज्ञान, अभ्यास, उपकरण और शब्दावली के साथ संस्कृति के सृजन और संरक्षण में भी लगे होते हैं।

आज जब जलवायु परिवर्तन, विषाक्त आहार, वायु और जल के प्रदूषण की समस्याओं से सारा विश्व जूझ रहा है, ग्राम्य जगत की सांस्कृतिक परम्पराएं प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली के साथ प्रभावी विकल्प प्रस्तुत करती हैं। ऐसे में यहाँ की संस्कृति की विस्तृत अनमोल विरासत की रक्षा और संवर्धन समाज और सरकार दोनों का मानवीय दायित्व बन जाता है। इनका विस्मरण और हानि अपूरणीय क्षति होगी। लोक हमारे ज्ञान का अजस्र स्रोत है और विचार करें तो स्पष्ट हो जाएगा कि पूरे भारत के साहित्य जगत में यह लोक-ज्ञान और लोक-अनुभव कालजयी रचनाओं को जन्म देता रहा है।

आज टिकाऊ (सस्टेनेबल) विकास को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास कार्यक्रम (एसडीजी) का हिस्सा बनाया गया है। इस दृष्टि से संस्कृति का समावेश करते हुए ही विकास कार्य किये जाने का यत्न होना चाहिए। इसलिए सांस्कृतिक जीवन को समग्र रूप में ध्यान में रखते हुए ही प्रदेश के विकास की योजना उपयुक्त होगी। संस्कृति की व्यापक सत्ता अनेक स्तरों पर समाज के जीवन को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप में प्रभावित करती है। वर्तमान में सरकारी तंत्र में अनेक विभाग और संस्थाएं हैं जो संस्कृति के विभिन्न पक्षों का दायित्व निर्वहन कर रही हैं। इनके बीच में सामंजस्य का अभाव है और संस्कृति को वरीयता का प्रश्न नहीं माना जाता। फलत- संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का प्रश्न व्यवस्था के मकड़जाल में उलझ जाता है और शासन के सकारात्मक रुख के बावजूद अनेक योजनाएं आरंभ ही नहीं हो पाती हैं या फिर अपूर्ण रह जाती हैं अथवा कम गुणवत्ता के साथ और विलंब से पूरी हो पाती हैं। इस दृष्टि से सांस्कृतिक कार्य में तालमेल बिठाते हुए जन भागीदारी के साथ संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का कार्य आवश्यक है।

## विचार मंथन

# दुविधा में ममता

सिद्धार्थ शंकर

पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का नेतृत्व बुरी तरह घिर गया है। इसके पहले भी तृणमूल के कुछ नेता जेल गए हैं, विभिन्न घोटालों में उनके नाम सामने आए, लेकिन पिछले दस साल में ममता बनर्जी के सामने शायद ही इस बार जैसा संकट सामने आया। इस बार सुर्खियों में न सिर्फ एक वरिष्ठ मंत्री हैं, बल्कि एक अभिनेत्री के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी चर्चा गरम है। इस प्रकरण ने पार्टी के अंदर खलबली मचा दी है। आम जनता में इसका नकारात्मक संदेश गया है, खासकर 50 करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है। ऐसे में, पार्थ चटर्जी को पार्टी से बाहर करना ममता बनर्जी के लिए मजबूरी बन गया था। मगर इस काम में उन्होंने जितना समय लिया, वह उनकी दुविधा को बता रहा है। ममता की दुविधा का सबसे बड़ा कारण यह है कि पार्थ कोई आम राजनेता नहीं हैं। वह सरकार में नंबर दो की हैसियत रखते थे और तीन-तीन अहम मंत्रालय उनके जिम्मे था। तृणमूल के संस्थापक सदस्यों में भी वह एक हैं। वह पार्टी की अनुशासनात्मक कमेटी के भी अध्यक्ष रहे हैं। ऐसे वरिष्ठ और महत्वपूर्ण नेता को पार्टी से निकालने का क्या असर होगा, इस पर संभवत: दीदी ने लंबा मंथन किया होगा। पार्टी महिला अभिनेत्री के घर से पैसे मिलने और पार्थ चटर्जी से जुड़े मामले को अलग-अलग चश्मे से देख रही है। उसके मुताबिक, पार्थ तो पार्टी सदस्य हैं, लेकिन वह अभिनेत्री नहीं। उसने यह बात स्वीकार भी की है। मगर प्रवर्तन निदेशालय के सामने उसने कथित रूप से यह भी माना है कि वह पार्थ के पैसे रखती थी। इसका मतलब है कि पार्थ उसके निशाने पर हैं। तृणमूल की सोच यह है कि संभव है, पार्थ को 'हनी ट्रैप करके फंसाया गया हो। ऐसा अब पार्थ भी कहने लगे हैं। बहरहाल, अब ममता बनर्जी आगे की रणनीति पर विचार कर रही हैं। चूंकि अभी लोकसभा



चुनावों में डेढ़ साल और विधानसभा चुनाव में चार वर्ष की देरी है, इसलिए संभव है कि ममता ईडी कार्रवाई के बहाने साफ-सफाई कर अपनी पार्टी की छवि सुधार लें। लेकिन भाजपा की रणनीति क्या है? पूर्वोत्तर में तो पार्टी ने सरकार बना ली है, लेकिन पश्चिम बंगाल में उसका यह सपना पूरा नहीं हो सका है। इसकी वजह यह है कि मोदी-शाह जैसे लोकप्रिय स्थानीय नेता राज्य में नहीं हैं। ऐसे में, ममता बनर्जी के खिलाफ नकारात्मक राजनीति ही भाजपा की खुराक है, जिसकी उसे हरदम तलाश रहेगी। हालांकि,भाजपा की राह आसान नहीं है। ममता ने जनहित के काफी काम किए हैं और जनता से उनका जुड़ाव अब भी कायम है। चूंकि ममता पर अब तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, इसलिए उनके लिए इस मामले से बाहर आना बहुत मुश्किल नहीं होगा। जाहिर है, शह और मात का यह खेल आसान नहीं है। मगर भाजपा भी 2021 की हार से सबक लेकर नई रणनीति के साथ मैदान में डटी है।

## दिल्ली की आबकारी नीति

# रहें मुबारक पीने वाले...

रजनीश कपूर

रहें मुबारक पीने वाले, खुली रहे यह मधुशाला' सुप्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की बहुचतचत कविता की इस पंक्ति से शायद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रोत्साहन मिला और उन्होंने दिल्ली की आबकारी नीति में कुछ बड़े फेरबदल किए। नतीजा यह हुआ कि दिल्ली एनसीआर में शराब की कीमतों और बिक्री में दिल्ली अव्वल नम्बर पर आ गई। परंतु पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की आबकारी नीति के चलते दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल में विवाद की स्थिति बन गई है। दिल्ली की शराब की दुकानों पर लागू हुई नई आबकारी नीति 31 जुलाई, 2022 को समाप्त होनी थी। इसके बाद इस नई नीति को दोबारा लागू किया जाता कि उससे पहले ही यह नीति विवादित हो गई।

अगर केजरीवाल सरकार की मानें तो 2021-22 में लागू की गई इस नीति के तहत सभी सरकारी दुकानों को बंद कर प्राइवेट दुकानों को नीलामी की प्रक्रिया के तहत आवंटित करना तय हुआ। दिल्ली सरकार का दावा था नई नीति से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और आबकारी विभाग का खजाना भी बढ़ेगा। नई नीति के तहत दिल्ली में 850 से ज्यादा शराब की दुकानें नहीं खुलनी थीं। पुरानी व्यवस्था में इन्हीं 850 दुकानों से सरकार को करीब 6 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिलता था। नई नीति के तहत इन्हीं 850 दुकानों के निजी क्षेत्र में जाने से सरकार का राजस्व डेढ़ गुना बढ़ कर 9.30 हजार करोड़ हो जाता।

जब से यह सियासी विवाद उठा, दिल्ली सरकार इस नीति को लेकर बैकफुट पर दिखाई देने लगी। इसके पीछे का कारण दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा नई आबकारी नीति के कार्यान्वयन की सीबीआई जांच की सिफारिश है। दिल्ली सरकार पर आरोप है कि नई आबकारी नीति में नियमों की अनदेखी के चलते शराब की दुकानों के टेंडर दिए गए हैं। उपराज्यपाल की सिफारिश के बाद आनन-फानन में दिल्ली सरकार ने अब पुरानी व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है। फिलहाल यह पुरानी व्यवस्था 6 महीने के लिए ही लागू की जाएगी। इन 6 महीनों में दिल्ली सरकार एक नई नीति लाने की योजना बनाएगी। इसका मतलब हुआ कि दिल्ली सरकार ने जैसा अनुमान लगाया था, वैसा नहीं हुआ।



ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब केजरीवाल के निर्णय विवादों में न रहे हों। विपक्ष को इन विवादों के पीछे अनुभवहीनता की झलक दिखाई देती आई है। फिर वो चाहे मुफ्त में बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं हों या महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा हो। विपक्ष केजरीवाल को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ता। केजरीवाल सरकार के कुछ निर्णय अव्यावहारिक जरूर रहे हैं, लेकिन कई निर्णय ऐसे भी हैंग जिनमें कुछ विभागों में जनता की सहूलियत सालों से चले आ रहे भ्रष्टाचार पर भारी पड़ी। इनमें ज्यादा विवाद नहीं उठे क्योंकि ज्यादातर लोगों को इन नीतियों से लाभ ही मिला। मिसाल के तौर पर ड्राइविंग लाइसेंस के नवीकरण का घर बैठे ही हो जाना एक अच्छा कदम है। परंतु इसके साथ ही केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली की सड़कों को यूरोप की तर्ज पर सजाने के निर्णय से मौजूदा सड़कों की चौड़ाई कम की गई जिससे नागरिकों को आए दिन काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़कों पर जाम बढ़ गए और बिना वजह लाखों का कीमती ईंधन जाया जाने लगा। मौजूदा सड़कों की मरम्मत और रख-रखाव कर इन्हीं को दुरुस्त किया जा सकता था परंतु जल्दबाजी के निर्णय से जनता को जो कष्ट झेलने पड़ते हैंग उनका विचार किए बिना नई नीतियों को लागू कर दिया जाता है।

शराब की दुकानों के विषय में दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति का लाना, फिर वापस पुरानी नीति पर जाना, इसी बात का संकेत है कि केजरीवाल सरकार के अफसर जनता के कर के पैसे को ऐसी योजनाओं पर बर्बाद कर रहे हैं। ध्यान से देखा जाए तो दिल्ली में शराब की बिक्री को लेकर बार-बार बदलाव के कारण उपभोक्ताओं को दिल्ली से सटे एनसीआर इलाकों में जा कर शराब खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे सरकार के राजस्व में भी घाटा हो रहा है। गौरतलब है कि 2021-22 की नई आबकारी नीति को 31 मार्चग 2022 के बाद दो बार दो-दो महीने के लिए बढ़ाया भी गया था। ऐसा हुआ था तो इसका यही मतलब हुआ कि नीति ठीक थी। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अनुसार शराब की तय 850 दुकानों में से केवल 468 दुकानें ही चल रही थीं।

सिसोदिया ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा इन दुकानदारों को ईडी और सीबीआई का भय दिखा कर बंद करवाया जा रहा है। इस सब से दिल्ली में शराब की किल्लत पैदा हो जाएगी। नतीजतन, तस्करी वाली शराब और नकली शराब के धंधे में इजाफा होगा। जो भी हो दिल्ली में शराब के शौकीन लोगों को अब या तो महंगी शराब के सहारे रहना होगा या पड़ोस के शहरों से शराब ले कर पीना होगा। शायद बच्चन साहब ने सही ही कहा 'रहें मुबारक पीने वाले, खुली रहे यह मधुशाला'!

# खेल को जीवन का अंग बनाएं- शर्मा

अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बागीदौरा.** उपखंड अधिकारी सी एल शर्मा ने कहा कि खेल से ही जीवन में अनुशासन आता है। खेलों के माध्यम से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। अनुशासित जीवन जीने के लिए खेलों को जीवन का अंग बनाएं। यह बात गुरुवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक मशाल यात्रा के अभिनंदन समारोह में कही। इस अवसर पर बागीदौरा प्रधान सुभाष खराड़ी ने राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को तराशने के लिए आयोजित ओलंपिक प्रतियोगिता में अधिक से अधिक तादाद में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विकास अधिकारी भरत कुमार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण जोशी, एसीबीईओ बसंत सोनी, बागीदौरा सरपंच रुकमणी आर्य ने विचार व्यक्त किए। मशाल यात्रा के साथ आये जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईड़ा, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी वीरेंद्र सिंह का अभिनंदन किया। इस अवसर पर रथ यात्रा में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। आरंभ में स्वागत राबाउमावि के प्रधानाचार्य विनोद कुमार निनामा ने किया। कार्यक्रम में बागीदौरा मुख्यालय पर अध्ययनरत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह का संचालन विनोद पानेरी ने किया। आभार राउमावि बागीदौरा के प्रधानाचार्य गौतम लाल कटारा में व्यक्त किया। कार्यक्रम में धूलिया हुवोर, गणेश पाटीदार, विकेश पाटीदार, तोलाराम डिंडोर, शेर सिंह गरासिया, मणि चरपोटा, मनीषा जैन, कन्या निनामा, रेखा हुवोर, फूलन परमार ने सहयोग किया। अतिथियों ने रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर सज्जनगढ़ के लिए रवाना किया।



## फीस कम करवाने व अंतिम तिथि बढ़ाने को लेकर कुलपति को ज्ञापन

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा** एनएसयूआई गठबंधन अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति छात्रसंघ ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनोज डामोर के नेतृत्व में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय कुलपती महोदय को एम एस सी सेमेस्टर की फीस कम करवाने एवं एमएससी फीस जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे बताया की जनजातीय क्षेत्र होने के कारण व अत्यधिक फीस की वजह विद्यार्थी फीस जमा नहीं करा पा रहे हैं और अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए। उपस्थित छात्रनेता जितेंद्र डोडियार, पूर्व उपाध्यक्ष कांतिलाल निनामा, आशीष पारगी, तहसील अध्यक्ष विकास मईडा, विनोद निनामा रामेश्वर डोडियार आदि उपस्थित थे। ये जानकारी गुरमीत चरपोटा ने दी।




## खेरली बिजलीघर के एईएन ऑफिस से गायब हुई डॉ अम्बेड़कर की तस्वीर

मरूधर विशेष

**कठूमर।दिनेश लेखी** समाजसेवी लक्ष्मीकांत भारतीय ने बताया कि 16 सितंबर 2020 को खेरली स्थित बिजलीघर पर सहायक अभियंता को बाबासाहब डॉ अम्बेडकर और भगतसिंह की तस्वीर भेट कर उसी समय ऑफिस में दोनों तस्वीर लगवाई थी।

लेकिन किसी साथी ने आज फोन से बताया कि खेरली जयपुर विधुत वितरण निगम के सहायक अभियंता ने अपने कार्यालय से बाबासाहब और भगतसिंह की तस्वीर में से सिर्फ जातिवादी मानसिकता के चलते बाबासाहब की तस्वीर हटवा दी है। जिसकी विडियो भी बनाई है। भारतीय ने कहा है कि खेरली बिजलीघर एईएन कार्यालय में जिस जगह बाबासाहब की तस्वीर लगी थी सहसम्मान वापस लगा दी जाये। अन्यथा एईएन ऑफिस का ताला लगा कर वही धरने पर बैठ जाऊंगा।




## 5 माह का मानदेय दिलाने की मांग को लेकर आंगनवाड़ी महिला कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

मरूधर विशेष


**कठूमर। दिनेश लेखी।** आंगनवाड़ी मानदेय कर्मियों ने 5 माह का मानदेय आगामी आने वाले त्योहारों से पहले दिलाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा को कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। वही ज्ञापन में आंगनवाड़ी मानदेय कर्मियों ने बताया कि माह मार्च 2022 से जुलाई 2022 तक का मानदेय सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहयोगिनी को नहीं मिला है। जिसके कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहयोगियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वही ज्ञापन में बताया कि कार्यालय महिला बाल विकास कठूमर में मानदेय नहीं मिलने का कारण पूछा जाता है तो उनके द्वारा बताया जाता है कि कार्यालय में 02 बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यरत हैं पर किसी के पास आहरण वितरण की शक्तियां नहीं है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि रक्षाबंधन जन्माष्टमी का त्यौहार आने वाला है हम सब अल्प मानदेय कर्मी हैं। त्योहारों से पहले हमारा 05 माह का मानदेय दिलाया जाए।



## बैठक मे किशोरी बालिकाओं को खानपान को लेकर दी जानकारी

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** ब्लॉक कठूमर ग्राम पंचायत बेरका में आंगनवाड़ी केंद्र न.2 पर साथिन रूचि रानी की अध्यक्षता में आई एम शक्ति उड़ान योजना व जाजम बैठक का आयोजन किया। बैठक में किशोरी बालिकाओं को माहवारी के समय व्यक्तिगत स्वच्छता रखने के बारे में समझाया गया। महावारी आने पर प्रतिदिन स्वच्छ जल के साथ शरीर के संपूर्ण अंगों की सफाई करते हुए स्नान करें। जननांग क्षेत्र को साफ और सूखा रखें। सोच के बाद किसी प्रकार के संक्रमण से बचने के लिए अपने अंगों को पानी से अच्छी तरह साफ करें, नैपकिन या पेड बदलने से पहले और बाद में अपने हाथों को सैनिटाइजर और साबुन से धोएं। अंदर पहनने वाले कपड़े को अच्छी तरह साबुन से धोकर तेज धूप में सुखाएं। इस्तेमाल किए गए पैड, नैपकिन, कपड़े को थैली में या अखबार में लपेट कर कूड़ेदान में डाले या फिर जमीन में गाड़ दे। इन्हें पानी के साथ ना बहाए और ना ही खुले में डालें । बैठक में किशोरी बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरण किए। माहवारी के दौरान हमें संतुलित भोजन करना चाहिए लौह तत्व की मात्रा ज्यादा से ज्यादा अपने भोजन में इस्तेमाल करें। इसके लिए हरी सब्जी फल दूध आदि का नियमित उपयोग करें।



# 18 दिन में भी अपहृच नाबालिग बालिका नहीं हुई दस्तयाब, नाराज ग्रामीणों ने जुरहरा थाने के सामने किया धरना प्रदर्शन

मरुधर हिंद /आमिर खान कामां

कामां-जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव नौनेरा के लोगो ने 18दिन पूर्व नाबालिग बालिका का अपहरण होने व पुलिस द्वारा उसे दस्तयाब व आरोपियों को गिरफ्तार नहीं नही करने से आक्रोशित लोगों ने पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ जो लड़ा था ना सबके सामने धरना प्रदर्शन किया7 धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर जुरहरा थानाधिकारी संतोष शर्मा ने धरनार्थियो से वार्ता कर समझाईस की और 5 दिन में बालिका को दस्तयाब कर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया सहमति बनने पर धरनार्थियों ने धरना समाप्त कर दिया वहीं धरने का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता विजय मिश्रा ने बताया कि यदि 5 दिवस में पुलिस अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की जाएगी7

ग्राम पंचायत नौनेरा के पूर्व सरपंच धनराज चौधरी ने बताया कि 18 जुलाई को रात को करीब दो बजे आरोपी गौरव पुत्र सत्तू जाट निवासी मानपुर थाना बहिन पलवल हरियाणा व पवन पुत्र खचेरा जाट निवासी नौनेरा दीवार कूदकर पीडित के मकान के अंदर प्रवेश कर गए और मेन गेट खोल दिया जिससे गुलाब पुत्र शेर सिंह निवासी नोनेरा व मुंह पर साफी बांधे हुए तीन अन्य बदमाश भी मकान में अंदर आ गए आरोपी अवैध हथियारो से लैस थे आरोपी गुलाब ने बालिका के पिता की कनपटी पर कट्टा लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी और नाबालिग बालिका का जबरन अपहरण कर ले गए इसी दौरान और अन्य आरोपी कमरे मे रखी अलमारी से ढाई लाख रूपये भी निकाल कर ले गए आरोपियों ने मेरे भाई व उसकी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया था घटना का मामला जुरहरा थाने मे दर्ज करा दिया गया था लेकिन आज तक पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है ना ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जबकि दर्ज रिपोर्ट में नामजद आरोपी गांव में ही खुलेआम घूम रहे हैं7 पीड़ित ने बताया कि अपहृत बालिका को दस्तयाब कराने की मांग को लेकर वह डीएसपी व एसपी से भी मिल चुका है उन्होंने भी जुरहरा थानाधिकारी संतोष शर्मा को बालिका को दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए लेकिन फिर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है वहीं दूसरी ओर जुरहरा थाना अधिकारी संतोष शर्मा ने बताया कि अपराध बालिका को दस्तयाब करने के लिए लगातार तलाश जारी है आरोपियों के फोन बंद आ रहे हैं जल्द ही अपहृत बालिका को दस्तयाब कर लिया जाएगा7 जुंरहरा थाना अधिकारी संतोष शर्मा ने बताया कि नाबालिक बालिका द्वारा आरोपी के साथ विवाह करने की भी सूचना प्राप्त हो रही है बालिका ने अपने परिजनों से खतरा बताते हुए पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है7 इन बिंदुओं को भी ध्यान में रखकर आगे की कार्रवाई की जा रही है7



## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मशाल रथयात्रा का कुशलगढ़ ब्लॉक में आवासीय हॉस्टल चुडादा के सामने भव्य स्वागत किया गया

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मशाल रथयात्रा का गुरुवार को कुशलगढ़ ब्लॉक में आवासीय हॉस्टल चुडादा के सामने भव्य स्वागत किया गया रात्रि विश्राम डाक बंगला कुशलगढ में किया। 5 अगस्त प्रातः 8~30 राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर और जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र बांसवाड़ा के तत्वाधान में शुक्रवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मशाल रथयात्रा का कुशलगढ़ में स्थानीय विधायक श्रीमती रमिला खड़िया, रा उ मा वि कुशलगढ़ के प्रधानाचार्य श्री भीमजी सुरावत, आवासीय विद्यालय चुड़ादा के प्रधानाचार्य श्री कचरू लाल जी गायरी, पंचायत समिति के विकास अधिकारी श्री ऋषिराज मीणा ने स्वागत किया।

आरंभ में अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने मशाल रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक आबापुरा के लिए रवाना किया।मशाल रथयात्रा के साथ आए जिला खेल अधिकारी श्री धनेश्वर जी मईडा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्री वीरेंद्र कुमार का अभिन्नदन किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक श्री हरसिंह खड़िया,राकेश कटारा, मनजी दामा,राजेंद्र कारीगर, कमलेश चौधरी, कांतिलाल मईडा, शीतल मूसा, राजेश राठौड़, रमेश बारिया,देवीलाल डामोर, बलवान सिंह कटारा ,प्रकाश, श्रीमती सुनीता पारगी ,सोनिया रावत, तथा खेल संघ के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों सहित खेल विभाग के समस्त कर्मचारियों और ग्रामीण बंधुओं ने इस यात्रा में भाग लिया। ये जानकारी राउमावि कुशलगढ़ के प्रधानाचार्य भीमजी सुरावत ने दी।






# दशा माता धाम पर जमें गरबा रास

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** अगरपुरा दशामाता धाम पर चल रहें दस दिवसीय दशामाता व्रत (दिवासा) तहत गादिमाता राजूबेन प्रजापत के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में 10 दिनों तक विविध कार्यक्रम चल रहें है, गरबा गायकों द्वारा भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला गायक कलाकार... दशा माँ आसरा एक तेरा आँगन आया तेरे आया हूं।जय जननी जगदम्बा- प्रतिक कंसारा, पीयू पीयू बोले पपीया- यश जानी रूमों झूमो गरबें घूमो - यश जानी रुमझुम रुमझुम नेपुर वागे- विठ्ठल कंसारा माँ अम्बा आवे छे- जतिन कंसारा

सहयोगी - कौशिक कंसारा , हार्दीक पंचाल, नितिन प्रजापत, भूरी, शैलेश प्रजापत। ढोलक- वसीम प्यानो - यश जानी द्वारा संगत दी जा रही हैं। धाम प्रवक्ता रौनक पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर धाम पर माताजी के भक्तों का प्रातः से ही तांता लगा रहता है। 4 पहर आरती,भोग, माँ की चौकी गद्दी के साथ पुष्पाशीष दिया जाता हैं, सायं गरबों ओर मुजरों के साथ समापन किया जाता हैं। 10 दिनों तक शक्ति पाठ, तंत्रोक्त दैवी सूक्तम्, माँ को 108 नामों से पुष्प अर्पण किये जाते हैं। यह रहें संध्या महाआरती के यजमान-~ यामिनी जैन, निमिषा संजय शाह, महेश भावसार, प्रवीणा सोनी,जयश्री बेन पंचाल, कीर्तिश पटेल, मांगीलाल तंबोली, कृति जैन, सुरेश नागदरा, कमलेश सोनी, भावसार समाज आदि। अंतिम दिन रविवार 7 अगस्त रात्रि8 से 12 माँ के 56 भोग, पश्चात आरती, मूर्तिविसर्जन नाथेला तालाब की जायेगी। गरबा सजावट, प्रसादी मंदिर के सभी मुख्य सदस्यों नारायण प्रजापत, आशीष जोशी, दिपक राठौड़, सुरेश नागदा, कमलेश सोनी,दिपेश सोनी, राकेश सोनी,सचिन श्रीमाल,किशन शर्मा,गजानन्द पाठक, अजय पंडित, पुष्पेंद्र टेलर, मुन्ना भाई, अजय पंचाल,दिलीप पंचाल के द्वारा व्यवस्था की गई। ये जानकारी रौनक पुरोहित ने दी।



## उपखंड अधिकारी शर्मा का विप्र फाउंडेशन द्वारा स्वागत किया



अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** उपखंड अधिकारी सुनील कुमार शर्मा का विप्र फाउंडेशन परिवार कुशलगढ़ द्वारा स्वागत किया गया। विप्र फाउंडेशन परिवार की विप्र युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन मंत्री हेमेंद्र पंड्या,विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री चंद्रशेखर शर्मा,विप्र फाउंडेशन प्रदेश सदस्य एवं महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष तिलोत्तमा पंड्या,विप्र फाउंडेशन तहसील महामंत्री विपिन भट्ट एवं युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष राहुल पंड्या की उपस्थिति में आज उपखंड अधिकारी सुनील कुमार शर्मा जी को विप्र दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

## नागणेचा माता सेवा मंदिर के गादीपति विजय सिंह राठौड़ के सानिध्य में भजन सत्संग का आयोजन



अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति एवं राधा सखी मंडल की बहनों द्वारा खांदु कॉलोनी मैं आज नहर के पास श्री नागणेचा माता सेवा मंदिर के गादीपति विजय सिंह राठौड़ के सानिध्य में भजन सत्संग का आयोजन किया गया।विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में बाल संस्कार प्रमुख सुश्री साधना देवड़ा ,जय श्री पंचाल ,श्रीमती साधना देवड़ा, श्रीमती उर्मिला कंसारा, प्रेमलता कंसारा, गायत्री, श्रीमाली रेणुका श्रीमाली, कांता पवार, उषा चरपोटा, हेमलता राठौड़, मोतीबाई आदि बहने उपस्थित रही है। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ,बांसवाड़ा ने दी।

## हमीरपुर में माइक्रो वाटर शेड जल संग्रह परियोजना का शुभारम्भ किया गया

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के गांव हमीरपुर में जल संग्रहण विकास परियोजना की ओर से माइक्रो वाटर शेड जल संग्रह परियोजना का शुभारंभ किया गया। इसमें नाबार्ड के अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल को लेकर जागरूक किया गया। नाबार्ड के मुख्य प्रबंधक ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य बारिश के जल को संग्रहण करना है। जिससे गावों में घटते जल स्तर की रोका जा सके। जल के स्तर को बढ़ाने के लिए जल संग्रहण परियोजना का शुभारंभ किया गया है। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर जल स्तर को बचाना है तो ग्रामीणों का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने गांव का खेत का पानी बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, और जल ही हमारी धरोहर है। इसे बचाने में हम सब का सहयोग बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक नाबार्ड के सौजन्य से वाटर सेड जल संग्रहण विकास परियोजना के उदघाटन समारोह में नाबार्ड के मुख्य महा प्रबंधक बेजू एन कुरूप, जिला परिषद सी ओ अर्पिता शुक्ला, जिला विकास परियोजना अधिकारी प्रदीप चौधरी, बानसूर एसडीएम राहुल सैनी, सरपंच सीता सैनी, लाली मीणा सहित वन विभाग के अधिकारी व नाबार्ड के अधिकारी मौजुद रहें।



## पांचवी एवं आठवीं बोर्ड पूरक परीक्षा सोमवार 8 अगस्त से

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** प्रदेश में कक्षा आठवीं एवं पांचवी की बोर्ड पूरक परीक्षाएं सोमवार 8 अगस्त से प्रारंभ होगी इसी के तहत ब्लाक कुशलगढ़ में कक्षा आठवीं के लिए पूरक परीक्षा का केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुशलगढ़ एवं कक्षा पांचवी के लिए पूरे ब्लॉक का परीक्षा केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम नोहरा कुशलगढ़ रहेगा। यह सूचना कुशलगढ़ प्रधानाचार्य भीम जी सुरावत ने दी साथ ही ब्लॉक के समस्त शिक्षा विभाग के साथियों से आग्रह किया कि कक्षा आठवीं एवं पांचवी के पूरक परीक्षा योग्य परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने में सहयोग प्रदान करें। ये जानकारी राउमावि कुशलगढ़ के प्राचार्य भीमजी सुरावत ने दी।

## पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश शर्मा ने गौमाताओं संग मनाया जन्मदिन

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर के एक दिवसीय दौरे पर आए पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश्व शर्मा अपना जन्मदिन गौमाताओं के नाम कर दीया है.। आठ अगस्त एक ऐतिहासिक दिन बनेगा। जो राजस्थान में पहली बार गायों में आ रही बीमारी को रोकने के लिए वेक्सीनेशन होगा।

राजस्थान में गौवंश पर तेज गति से फ़ैल रहा लंपी वायरस संक्रमण पर रोक लगे। इस बात को लेकर प्रत्येक हिन्दू व जीव प्रेमी चिंतित है।इसी चिंता से दुःखी पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश्व शर्मा ने अपना जन्मदिन गौमाताओं को समर्पित कर दिया।उन्होंने कहा की मेरा जन्मदिन इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना गौवंश का जीवन। मैं अपने जन्मदिन पर केवल गौवंश को बचाने के लिए काम करूँगा। यदि गौवंश ही नहीं बचेगा तो हिन्दू धर्म कहाँ से बचेगा। डॉ शर्मा ने कहा कि हमने अपने मित्रों के सहयोग से भारत सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के मुताबिक गौतपोक्स वैक्सीन बाजार में उपलब्ध है ।हमने तैयारी कर ली है। मेरा जन्मदिन गौमाताओं के संग उनका आशीर्वाद पाउँगा। जिससे विधानसभा क्षेत्र में सनातन धर्म की सुरक्षा होती रहे।

## हरियाणा पुलिस और बदमाशों में चली गोलियां एक बदमाश पुलिस की गोली से हुआ घायल

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**नीमराणा।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम को हरियाणा के हांसी में तीन हत्या कर फरार हुए बदमाशों का पीछा करते हरियाणा पुलिस की नीमराणा में बदमाशों के साथ जमकर मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी जबकि चार बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए साथ ही एक बदमाश भागने में कामयाब हो गया फायरिंग की सूचना लगते ही निमराना थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी में जुट गए । वही हरियाणा पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को हांसी में बदमाशों के द्वारा तीन हत्याएं कर बदमाश फरार हो गए थे। जिस पर हरियाणा की सीआई पुलिस को बदमाशों की लोकेशन राजस्थान के नीमराना में लगी बदमाशों का पीछा करती हरियाणा पुलिस ने बदमाशों को चारों तरफ से घेर लिया इसके बाद बौखलाए बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी वहीं जवाब में पुलिस ने फायरिंग की पुलिस की तरह से फायरिंग होते ही बदमाशों में अफरा-तफरी मच गई और भागने लगे उसी वक्त हरियाणा की स्पेशल टीम ने 4बदमाशों को मौके से पकड़ लिया पुलिस पकड़े गए चार बदमाशों से पूछताछ कर रही है फिलहाल पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है हरियाणा पुलिस बदमाशों को नीमराणा कौन शरण दे रहा है इसकी जांच भी करने में जुट हुई हैं नीमराणा से में हुई फायरिंग के बाद छेत्र में हड़कंप मच गया।

## मालाखेड़ा कस्बे में सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

मालाखेड़ा कस्बे के राजगढ़ रोड बहना कुआं स्थित सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया कार्यक्रम आयोजक कम्मी राम चौधरी ने बताया कि उनके सुपुत्र अमन और अंकित के जन्मदिन के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया हनुमान जी महाराज की प्रतिमा के सम्मुख धूप दीप नैवेद्य से पूजा अर्चना की गई तथा भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया इस मौके पर गायक कलाकार मनोज गुप्ता, सौरभ शास्त्री, सतीश कुमार चौधरी, कमलेश गुप्ता, जगदीश हंसावत, नरेश कोलावत, फूल सिंह, सुभाष, सुरेंद्र चौधरी, छुट्टन चौधरी, रोहिताश आदि श्रद्धालु भी मौके पर मौजूद रहे।



राष्ट्रमंडल खेल

# पैरा-पावरलिफ्टिंग में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने सुधीर

**बर्मिंघम (एजेंसी)।**

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के सुधीर ने पुरुषों के हैवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग में ऐतिहासिक गोल्ड पदक जीता है।कॉमनवेल्थ गेम्स में सुधीर भारत के लिए पैरा पावरलिफ्टिंग में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। इसके अलावा सुधीर ने कुल 134.5 अंकों के साथ कॉमनवेल्थ गेम्स का रिकॉर्ड भी बनाया है।

इस एतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर सुधीर को बधाई दी और कहा 'सुधीर द्वारा #CWG2022 पैरा-स्पोर्ट्स मेडल काउंट की शानदार शुरुआत! उन्होंने गोल्ड जीतकर अपने समर्पण और दृढ़ संकल्प को साबित करके दिखाया है। सुधीर ने मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें सभी आगामी प्रयासों के लिए बधाई और शुभकामनाएं'। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा-पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण जीतने के ऐतिहासिक कारनामे के लिए सुधीर को बधाई। आपके उत्साही प्रदर्शन और समर्पण ने आपको भारत के लिए पदक और गौरव दिलाया है। आप अपने भविष्य के प्रयासों में चमकें।'

## भारत को दिलाया छठा गोल्ड




बता दें कि सुधीर ने अपने पहले प्रयास में 208 किग्रा भार उठाया और फिर दूसरे प्रयास में 212 किग्रा का भार उठाया। हालांकि, तीसरे प्रयास में वह 217 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे। इस जीत के साथ ही भारत के अब कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल 6 गोल्ड मेडल हो गए हैं।

यह पहला मौका है जब भारत ने इस खेल में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। एशियाई पैरा खेलों के कांस्य पदक विजेता 27 वर्षीय सुधीर ने गोल्ड जीत कर एक बड़ा कारनामा कर दिखाया है। चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स के पैरा स्पोर्ट्समें सुधीर ने गोल्ड जीतकर खाता खोला है।

### इन खिलाड़ियों को मिला सिल्वर और कांस्य

नाइजीरिया के इकेचुकवु क्रिस्टियन उबिचुकवु ने 133.6 अंक के साथ सिल्वर जबकि स्कॉटलैंड के मिकी यूले ने 130.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

# 8वें दिन कुश्ती में गोल्ड जीतने की उम्मीद से उतरेंगे बजरंग, इन खेलों में पदकों की उम्मीद



**बर्मिंघम (एजेंसी)।**

राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार को आठवें दिन भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है। सभी समय भारतीय मानक समय के अनुसार।

**एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्सः** महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ः पहला दौर - हीट दोःज्योति याराजी - दोपहर 3.06 बजे महिला लंबी कूद क्वालीफाइंग दौरः ग्रुप एः एंसी एदापल्ली - 4.10 बजे महिला 200 मीटर सेमीफाइनल दोः हिमा दास - रात 12.53 बजे (शनिवार) पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले राउंड एक : 4.19 बजे.

**बैडमिंटन (भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू):** महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनलः त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुरुष युगल प्री क्वार्टर फाइनल- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनलः पीवी सिंधू, आकर्षी कश्यप पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनलः किदांबी श्रीकांत लॉन बॉल्सः महिला पेयर्स क्वार्टर फाइनलः भारत बनाम इंग्लैंड - दोपहर 1 बजे स्क्वाशः पुरुष युगल प्री क्वार्टर फाइनल : वेलावन सेंथिलकुमार और अभय सिंह- शाम 5.15 बजे मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनलः दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल- 12 बजे (शनिवार)।

**टेबल टेनिसः** मिश्रित युगल प्री क्वार्टर फाइनल : जी साथियान ज्ञानसेकरन और मनिका बत्रा - दोपहर दो बजे मिश्रित युगल प्री क्वार्टर फाइनल : अचंता शरत कमल और श्रीजा अकुला- दोपहर दो बजे महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल : श्रीजा अकुला - दोपहर 3.15 बजे महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल : रीथ टेनिसन - दोपहर 3.15 बजे

**हॉकीः** महिला सेमीफाइनलः भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया - रात 10.30 बजे।

**कुश्ती (दोपहर 3:30 बजे शुरू):** पुरुषों की फ्रीस्टाइल 125 किग्रा- मोहित ग्रेवाल पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्राः बजरंग पूनिया पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्राः दीपक पूनिया महिला फ्रीस्टाइल 57 किग्राः अंशु मलिक महिला फ्रीस्टाइल 68 किग्राः दिव्या काकरान महिला फ्रीस्टाइल 62 किग्राः साक्षी मलिक।

# श्रीशंकर ने लंबी कूद में रजत पदक के साथ रचा इतिहास

**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**



भारत के मुरली श्रीशंकर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा लेकिन मोहम्मद अनीस याहिया पांचवें स्थान पर रहे। श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार श्रीशंकर ने अपने पांचवें प्रयास में 8.08 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

स्वर्ण पदक जीतने वाले बहामास के लेकुआन नेर्न ने भी अपनी दूसरी कोशिश में 8.08 मीटर का ही सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। लेकुआन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि 7.98 मीटर का रहा जो श्रीशंकर के 7.84 मीटर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर रहा जिसके कारण उन्हें विजेता घोषित किया गया। साथ ही लेकुआन ने अपने दूसरे प्रयास में यह दूरी हासिल की और उन्हें हवा से कम सहायता मिली। श्रीशंकर के प्रयास के समय हवा की गति प्लस 1.5 मीटर प्रति सेकेंड जबकि नेर्न के प्रयास के समय माइनस 0.1 मीटर प्रति सेकेंड थी।

दक्षिण अफीका के योवान वान वुरेन ने 8.06 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। श्रीशंकर और याहिया दोनों क्रमश- 8.36 मीटर और 8.15 मीटर के अपने निजी और सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे रहे। अगर ये दोनों अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करते तो भारत को स्वर्ण और रजत पदक मिल सकते थे। श्रीशंकर क्वालीफाइंग दौर में एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने 8.05 मीटर के साथ आठ मीटर का स्वतः क्वालीफाइंग स्तर हासिल किया था।

# सिंधू, लक्ष्य और श्रीकांत बैडमिंटन एकल प्री क्वार्टर फाइनल में

**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**



शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत ने गुरूवार को यहां आसान जीत दर्ज कर राष्ट्रमंडल खेलों की एकल स्पर्धाओं के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने राउंड 32 के मुकाबले में मालदीव की फातिमा नबाहा अब्दुल रज्जाक को महज 21 मिनट में 21-4 21-11 से हरा दिया। वहीं पुरूष एकल स्पर्धा में श्रीकांत ने युगांडा के डेनियल वानागालिया को 21-9 21-9 से शिकस्त दी।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता 20 साल के लक्ष्य ने अपने से दोगुनी से भी अधिक उम्र के सेंट हेलेना के वर्नन स्मीड को सीधे गेम में 21-4, 21-5से हराया। स्मीड 45 साल के हैं और उनके पास दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य की गति और तेजतर्रार शॉट का कोई जवाब नहीं था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। आकर्षी ने राउंड आफ 32 के मुकाबले में पाकिस्तान की माहूर शहजाद के बीच में हटने पर अगले दौर में प्रवेश किया।

माहूर ने जब मुकाबले से हटने का फैसला किया तब आकर्षी पहला गेम 22-20 से जीतने के बाद दूसरे गेम में 8-1 से आगे चल रहीं थी। पहले कोर्ट में उतरी पिछले चरण की रजत पदक विजेता सिंधू को मुकाबले में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा जबकि फातिमा को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। पहले गेम में सिंधू ने आक्रामकता बरते बिना ही मालदीव की प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया जिसमें उन्होंने अंक जुटाने के लिये ड्राप शॉट्स का इस्तेमाल किया।

# मुक्केबाजी में भारत के सात पदक पक्के, पंघाल, जैसमीन, सागर और रोहित सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**



भारतीय मुक्केबाजों ने राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को सात पदक पक्के कर दिये जब सागर अहलावत , अमित पंघाल जैसमीन और रोहित टोकस अपने अपने वर्ग की स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गये। हरियाणा के 22 साल के सागर ने पुरूषों के सुपर हेवीवेट (+91 किग्रा) वर्ग के क्वार्टरफाइनल में सेशेल्स के केडी इवांस एग्नेस पर 5-0 की जीत दर्ज की। इस मुक्केबाज ने अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण में स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखा और अब वह अंतिम चार में नाईजीरिया के इफीनी ओनयेकवेरे के सामने होंगे।

जैसमीन ने महिलाओं के लाइटवेट (60 किग्रा) वर्ग के क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड की ट्राय गार्टन को 4-1 के विभाजित फैसले में हराया। हालांकि यह मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में दबदबा बनाया। पर दूसरे राउंड में गार्टन ने वापसी की जिससे भारतीय मुक्केबाज हैरान हो गयी। निकहत जरीन (50 किग्रा), नीतू गंघास (48 किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) के अपने वर्गों में पदक पक्के करने के एक दिन बाद गोल्ड कोस्ट में पिछले चरण के रजत पदक विजेता पंघाल ने फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में स्कॉटलैंड के लेनोन मुलीगन के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले में जीत दर्ज की।

# राष्ट्रमंडल खेल 2022 : स्पीकर छत से गिरा, कुश्ती मुकाबले रूके

**बर्मिंघमः** राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजकों के लिए एक शर्मसार होने वाली घटना में एक स्पीकर के छत से गिरने के कारण पहले सत्र के कुछ ही मिनट बाद कुश्ती मुकाबले रोक दिए गए और दर्शकों को हॉल से निकलने के लिये कह दिया गया। केवल 5 कुश्ती के मुकाबले ही पूरे हुए थे कि एक स्पीकर कुश्ती के मैट चेयरमैन के करीब गिर गया जिससे कुश्ती स्पर्धाओं के शुरूआती दिन 'केवेंट्री स्टेडियम और एरीना' में सुरक्षा का मुद्दा खड़ा हो गया है। यह घटना भारत के दीपक पूनिया का मुकाबला खत्म होने के तुरंत बाद हुई।

# टी20 विश्व कप में गेल के नाम है सबसे ज्यादा छक्के

**मुम्बई ।** ऑस्ट्रेलिया में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्वकप में कई नये रिकार्ड बन सकते हैं। विश्व कप को लेकर सभी टीमों की तैयारियों जारी हैं। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के अलावा , इंग्लैंड , भारत और पाकिस्तान के इसमें खिताबी मुकाबले में पहुंचने की उम्मीदें जतायी जा रही हैं। इन सभी टीमों के पास कई आक्रामक खिलाड़ी हैं। टी20 विश्व कप क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड वेस्टइंडीज के पूर्व आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम है। गेल ने विश्व कप में अब तक 33 मैचों में 965 रन बनाए हैं। इस दौरान इस बल्लेबाज ने 78 चौके और 63 छक्के लगाये हैं। वहीं विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर खिलाड़ी युवराज सिंह हैं। युवराज ने टी20 विश्व कप के 31 मैचों में कुल 593 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 38 चौके और 33 छक्के लगाये हैं। वहीं तीसरे स्थान पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 33 मैच खेलते हुए 847 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 80 चौके 31 छक्के लगाये हैं। वहीं चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर आते हैं। वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 विश्व कप में 30 मैचों में 80 चौके एवं 31 छक्के लगाकर कुल 762 रन बनाये हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के ही पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी शेन वॉटसन आते हैं। वॉटसन ने 24 मैच खेलते हुए 537 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 41 चौके और 31 छक्के लगाये। छठवें स्थान पर दक्षिण अफ्रीकी स्टार बल्लेबाज ए एबी डिविलियर्स का नाम आता है। डिविलियर्स ने अफ्रीकी टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप में 30 मुकाबले खेलते हुए 717 रन बनाए हैं।

# भारत और वेस्टइंडीज के बीच चौथा एकदिवसीय मुकाबला आज

**लोरिडा (एजेंसी)।**

भारत और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच चौथा टी20 क्रिकेट मैच शनिवार को यहां के रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। रोहित शर्मा की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी अभी अच्छी लय में है, ऐसे में उसे जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे टी20 मुकाबले में पीठ में खिंचाव आ गया था पर उनके इस मैच में वापसी करने की संभावनाएं हैं। रोहित अब पूरी तरह से फिट बताये जा रहे हैं पर अगर वह नहीं उतर पाते हैं तो उनकी जगह युवा बल्लेबाज ईशान किशन या सूर्यकुमार यादव में से कोई एक पारी की शुरूआत करते हुए नजर आ सकते हैं। किशन और सूर्यकुमार ने पिछले कुछ समय में



अच्छा प्रदर्शन किया है।

मध्यक्रम में भारतीय टीम के पास श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि अब तक ये अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। ये तीनो ही मैच विजेता खिलाड़ी हैं और कभी भी मैच का रुख मोड़ सकते हैं। निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक और रविंद्र जडेजा जैसे बल्लेबाजों से टीम को लक्ष्य का पहुंचाने की उम्मीदें रहेंगी।

गेंदबाजी की बात करें तो भारतीय टीम के पास भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं जो किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्यवस्त कर सकते हैं। इस मैच में अवेश खान को शायद ही जगह मिले क्योंकि पिछले मैच में वह नाकाम रहे थे। स्पिनर के तौर पर अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को टीम में जगह मिलना तय है। वहीं दूसरी ओर वेस्टइंडीज के बात करें तो टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज भारतीय टीम के मुकाबले अभी तक किसी भी क्षेत्र में टिक नही पाये हैं। इसलिए उसे जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**ये हो सकती है भारत की अंतिम ग्याहः**

1. रोहित शर्मा/ईशान किशन 2 सूर्यकुमार यादव 3 श्रेयस अय्यर 4 ऋषभ पंत (विकेटकीपर) 5 हार्दिक पंड्या 6 दिनेश कार्तिक 7 रविंद्र जडेजा 8 भुवनेश्वर कुमार 9 हर्षल पटेल 10 अर्शदीप सिंह 11 आर अश्विन।

# सट्टेबाजी कंपनी का समर्थन करने पर बुरे फंसे शाकिब, जांच करेगा बीसीबी

**ढाका (एजेंसी)।**

बांग्लादेश के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार शाकिब अल हसन फिर से विवादों से घिर गए हैं क्योंकि उनके देश के क्रिकेट बोर्ड ने सट्टेबाजी कंपनी के समर्थन में की गई उनकी हाल की सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2019 में भारतीय सट्टेबाज की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने पर शाकिब पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश के वर्तमान नियमों के अनुसार सट्टे से जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि को बढ़ावा देना या उसका समर्थन करना निषेध है। रिपोर्ट के अनुसार, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) इस ऑलराउंडर की हाल में सोशल मीडिया डाली गई उस पोस्ट की जांच करेगा, जिसमें उन्होंने ''बेटविनर न्यूज' नामक कंपनी के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की थी।'

बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा कि शाकिब को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। शाकिब ने लगभग 400 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में 12,000 से अधिक रन और लगभग 650 विकेट लिए हैं। नजमुल ने कहा, 'दो बातें हैं। पहला अनुमति लेने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि हम इस तरह की अनुमति नहीं देंगे। सट्टेबाजी से जुड़ी किसी भी चीज में हम अनुमति नहीं देंगे। इसका मतलब है कि उन्होंने हमसे अनुमति देने के लिए नहीं कहा था। दूसरी बात हम यह जानना चाहते



हैं कि क्या उन्होंने करार पर हस्ताक्षर किए हैं या नहीं।'

# विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी रूपल

**कैली (कोलंबिया)।** उत्तर प्रदेश के एक किसान की बेटी रूपल चौधरी विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। रूपल ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने 4×400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया था। रूपल उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के शाहपुर जैनपुर गांव की रहने वाली है। उनके पिता किसान हैं। यह 17 वर्षीय एथलीट बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने तीन दिन के अंदर 400 मीटर की चार दौड़ में हिस्सा लिया। गुरुवार की रात को महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में रूपल ने



51.85 सेकेंड के समय के साथ ग्रेट ब्रिटेन की यमी मैरी जॉन (51.50) और कीनिया की दमारिस मुटुंगा (51.71) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले वह उस रिले टीम का हिस्सा थी जिसने मंगलवार को 4×400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। भारतीय टीम ने तीन मिनट 17.76 सेकंड का समय लेकर एशियाई जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। वह अमरीका के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। रूपल ने उसी दिन व्यक्तिगत 400 मीटर दौड़ के पहले दौर में हिस्सा लिया था और उसके बाद बुधवार को वह सेमीफाइनल और गुरुवार को फाइनल में उतरी थी। उन्होंने चैंपियनशिप में दो बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पहली बार सेमीफाइनल में उन्होंने 52.27 सेकंड का समय निकाला और फिर फाइनल में इस समय में सुधार किया। इस साल के शुरू में रूपल ने खिताब की प्रबल दावेदार कर्नाटक की प्रिया मोहन को पीछे छोड़ कर राष्ट्रीय अंडर-20 फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। रूपल विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय हैं। इससे पहले 2018 में हिमा दास ने 51.46 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने 2016 में पोलैंड में खेली गई प्रतियोगिता में सोने का तमगा जीता था। रूपल का कांस्य पदक भारत का चैंपियनशिप में कुल नौवां पदक है। इस चैंपियनशिप को पहले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था। भारत ने पिछली बार कीनिया के नैरोबी में खेली गई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता था।

# पाकिस्तान के नदीम ने नीरज चोपड़ा से दोस्ती पर कहा, हम प्रतिद्वंद्वी नहीं, 'भाला फेंक परिवार' का हिस्सा हैं

**बर्मिंघम (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम का कहना है कि उन्हें यहां राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की कमी महसूस होगी क्योंकि वे 'एक' परिवार का हिस्सा हैं। नीरज ने पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप में 88.13 मीटर के थ्रो से ऐतिहासिक रजत पदक जीता था जिसमें अरशद पांचवें स्थान पर रहे थे, हालांकि वह फाइनल्स के लिये क्वालीफाई करने वाले पहले पाकिस्तानी बने थे। नीरज ने 'ग्रोइन स्ट्रेन' के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया जबकि अरशद के ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स के साथ पोडियम पर रहने की उम्मीद है।

पीटर्स स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार हैं जिन्होंने हाल में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। अरशद ने पीटीआई से कहा, ''नीरज भाई मेरा भाई है। मुझे यहां उसकी कमी खल रही है। अल्लाह उन्हें स्वस्थ रखे और मुझे जल्द उनके साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिले। '' भारत-पाक प्रतिद्वंद्वियों के बीच यह 'भाईचारा' 2016 में गुवाहाटी में हुए दक्षिण एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के दौरान शुरू हुआ। चार साल पहले जब एशियाई खेलों में नीरज ने स्वर्ण पदक जीता तो अरशद ने कांस्य पदक प्राप्त किया था। तब इस भारतीय ने पाकिस्तानी खिलाड़ी के प्रति गर्मजोशी नहीं दिखायी थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। अरशद ने कहा, ''वह अच्छा इंसान है। शुरू में आप थोड़ा 'रिजर्व' रहते हो। जब आप एक दूसरे को जानने लगते हो तो आप खुलने लगते हो। '' उन्होंने कहा, ''हमारे बीच बहुत अच्छी मित्रता है। मैं उम्मीद करता हूं कि वह भारत के लिये प्रदर्शन करना जारी रखे और मैं अपने देश के लिये अच्छा करता रहूं। हम दोनों ने प्रभावित किया है। हम एक परिवार की तरह हैं। ''

अरशद का विश्व चैम्पियनशिप में पांचवें स्थान पर रहना अच्छा प्रदर्शन कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने 2020 तोक्यो ओलंपिक के बाद चोट से वापसी की है। उन्हें अब भी यह कोहनी की चोट है। पच्चीस साल के इस एथलीट ने कहा, ''तोक्यो ओलंपिक के बाद मैंने लंबे अंतराल के बाद विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया, मैं अपने खेल के बारे में अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे अब भी कोहनी में चोट है और इसका उपचार चल रहा है। ''

नीरज के ओलंपिक स्वर्ण पदक ने उन्हें पूरे देश की नजरों में रातों रात स्टार बना दिया। अरशद को वहां तक पहुंचने के लिये लंबा सफर तय करना है लेकिन उनका



कहना है कि उन्हें अपनी सरकार से भी काफी समर्थन मिल रहा है। अरशद ने कहा, ''जिस तरह से नीरज भाई को आपके देश में शोहरत मिल रही है, मुझे अपनी सरकार और लोगों से काफी समर्थन मिला है। मैं इसके लिये शुक्रगुजार हूं।

# एम्मा रादुकानू सिटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**वाशिंगटन।** मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानू ने उमस भरी गर्मी में लगभग 3 घंटे जूझने के बाद कैमिला ओसोरियो को हराकर सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रादुकानू ने ओसोरियो को 7-6 (5), 7-6 (4) से हराकर सत्र में दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रादुकानू इससे पहले अप्रैल में स्टुटगार्ट में अंतिम-8 में पहुंची थी। यूएस ओपन की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए रादुकानू को अब 60वीं रैंकिंग की लियूडमिला सैमसोनोवा का सामना करना होगा। सैमसोनोवा ने अजला टोमलजानोविच को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। पुरुषों के वर्ग में योशिहितो निशिओका ने सातवीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 7-6 (2), 7-6 (1) से पराजित किया।

## पारंपरिक गाने की शैलियों को बदलने के आरोप में बांग्लादेशी स्टार 'हीरो आलम को पुलिस ने पकड़ा

ढाका । सोशल मीडिया पर सैकड़ों फैंस बटोरने वाले बांग्लादेशी स्टार 'हीरो आलम' पर इन दिनों संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। दरअसल आलम पर आरोप है कि वे पारंपरिक गाने की शैलियों को बदल देते हैं। इसकारण पुलिस ने उनसे माफी मांगने के लिए कहा। आलम का कहना है कि पुलिस ने उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है और क्लासिकल गीतों को बिगाड़ कर पेश करना बंद करने के लिए कहा है। साथ ही आलम ने दावा किया है कि उन्हें रबिंद्रनाथ टैगोर और काजी नजरूल इस्लाम के गानों को बिगाड़कर गाने के लिए फटकारा गया। आलम का कहना है कि पुलिस उन्हें 6 बजे उठाकर ले गई और लगातार आठ घंटे तक हिरासत में रखा। क्लासिकल गानों को गलत तरीके से पेश करने पर पुलिस ने उनसे पूछा कि तुम रबिंद्रनाथ और काजी नजरूल इस्लाम के क्लासिकल गानों को क्यों गाते हो? हालांकि उन्होंने बाद में खुद स्वीकार किया की गाने को गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ऐसा दोबारा नहीं होगा। आलम ने नया वीडियो जारी किया था। वीडियो में उन्होंने खुद को जेल की पोशाक में सलाखों के पीछे दिखाया है। आलम के वीडियो ने सोशल मीडिया पर आक्रोश पैदा कर दिया था। ढाका के उप पुलिस आयुक्त फारूक हुसैन ने कहा कि आलम सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं।

## पाकिस्तान में राष्ट्रध्वज बेचने वाली दुकान पर ग्रेनेड हमला, एक की मौत

क्वेटा (पाकिस्तान)। दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज बेच रही एक दुकान पर बृहस्पतिवार रात को संदिग्ध अलगाववादियों ने ग्रेनेड फेंका, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अभी किसी ने क्वेटा में हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह हमला सड़क किनारे बनी एक दुकान पर हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फिदा हुसैन ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वासिम बेग ने बताया कि एक घायल की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि बलूचिस्तान में अलगाववादी इस्लामाबाद में केंद्र सरकार से आजादी की मांग करते रहे हैं। सरकार का कहना है कि उसने उग्रवाद को खत्म कर दिया है लेकिन इस प्रांत में हिंसा अब भी होती रहती है।

## रिपोर्ट- आठ कोरोना संक्रमितों में से एक को लॉन्ग कोविड के लक्षण

एम्स्टर्डम । महामारी कोविड-19 का दुष्प्रभाव अभी दुनिया से खत्म नहीं हुआ है। पूरी दुनिया में अब तक कई करोड़ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज हो चुके हैं। लंबे समय तक कोविड-19 से पीड़ित रहने वाले लोगों में देखे जाने वाले स्थाई लक्षणों के बारे में चिंता बढ़ रही है। मौजूदा शोध में अब तक किसी ने लंबे समय तक कोविड पीड़ितों की तुलना उन लोगों से नहीं की जो कभी संक्रमित नहीं हुए। एक नए अध्ययन ने नीदरलैंड में 76,400 से अधिक वयस्कों को 23 सामान्य लॉन्ग कोविड लक्षणों पर एक ऑनलाइन प्रश्नावली भरने के लिए कहा गया था। मार्च 2020 और अगस्त 2021 के बीच प्रत्येक प्रतिभागी ने 24 बार प्रश्नावली भरी थी। उस अवधि के दौरान उनमें से 4,200 से अधिक यानी 5.5 प्रतिशत लोगों को कोविड था। संक्रमित होने के तीन से पांच महीने बाद कम से कम एक नया या गंभीर रूप से बढ़ा हुआ लक्षण था। अध्ययन में कहा गया है कि इससे पता चलता है कि करीब 12.7 प्रतिशत लोग, जिनको कोविड था, उनको दीर्घकालिक लक्षणों से जूझना पड़ रहा है। अनुसंधान में कोविड संक्रमण से पहले और बाद के लक्षणों की निगरानी की गई। जिससे शोधकर्ताओं को ये जानने में मदद मिली कि लंबे समय से संक्रमित मरीजों में कौन से ऐसे स्थाई लक्षण पनप रहे हैं। इस तरह पता चला कि कोरोना संक्रमित करीब आठ में से हर एक व्यक्ति को लॉन्ग कोविड के लक्षण हैं।

शोधकर्ताओं ने बताया कि लंबे समय से संक्रमित रहने वाले मरीजो में ये कई लक्षण देखे जा सकते हैं, जिनमें सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, मांसपेशियों में दर्द, स्वाद और गंध की कमी और सामान्य थकान शामिल हैं। अध्ययन के लेखकों ने कहा कि इसमें डेल्टा या ओमिक्रॉन के बाद के वेरिएंट को शामिल नहीं किया गया है।

## थाईलैंड: नाइट क्लब में भीषण अग्निकांड, 13 लोग जलकर मरे, 35 झुलसे

चोनबुरी। थाईलैंड से एक दर्दनाक खबर आ रही है। यहां की राजधानी बैंकॉक के दक्षिण-पूर्व में चोनबुरी प्रांत के एक नाइट क्लब में शुक्रवार को आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी दी है। पुलिस कर्नल वुटिपोंग सोमजाई ने टेलीफोन पर बताया कि सट्टाहिप जिले के माउंटेन बी नाइट क्लब में आग लगभग गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि 1:00 बजे लगी थी। वहीं मॉस्को में बीते बुधवार को एक गोदाम में भीषण आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लापता हो गए और कम से कम 13 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस के प्रमुख ऑनलाइन विक्रेता 'ओजोन' के एक गोदाम में आग लगने के कारण 50 हज़ार वर्ग मीटर का क्षेत्र प्रभावित हुआ। आपात स्थिति के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि दो लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए 13 व्यक्तियों में से दो लोग अस्पताल में भर्ती हैं। मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में इस्तरा शहर के पास आसमान में काले धुएं के घने गुबार दिखाई दिए। रूस के आपात मंत्रालय के अनुसार, आग बुझाने के लिए तीन दमकल हेलीकॉप्टर के साथ 150 दमकलकर्मी शामिल हैं। अधिकारियों ने फिलहाल यह नहीं बताया कि आग किस कारण से लगी। समाचार के मुताबिक, जांचकर्ताओं को आगज़नी की आशंका है।

## साढ़े तीन सौ साल पुराने डूबे जहाज से मिला स्पेन के राजा का बहुमूल्य खजाना

मैड्रिड । स्पेन में खोजकर्ताओं की एक टीम को एक पुराने, टूटे-फूटे जहाज में बहुमूल्य खजाना मिला है। ये खजाना सैकड़ों साल पुराना था लेकिन इसकी कीमती इतनी बताई जा रही है कि ये किसी इंसान तो क्या किसी छोटे से देश की किस्मत बदल सकता है। शोधकर्ताओं की टीम को एक डूबी हुई स्पेनिश शिप में 350 साल पुराना खजाना मिला है जो समुद्री यात्राओं पर निकले राजाओं का करार दिया जा रहा है। इस खजाने में पुराने सिक्के, कीमती पत्थर और रत्न हैं, जिनकी कीमत लाखों डॉलर में है।

स्पेन के जहाज द नुएस्ट्रा सेनोरा डे लास माराविलासी जहाज पर ये खजाना मिला है। इस जहाज का अंग्रेजी अनुवाद है- अवर लेडी ऑफ वंडर्स और जब जब नाम में ही चमत्कार लगा हो तो फिर असलियत तो वैसी ही होगी। ये जहाज सन् 1656 में उस समय डूब गया था जब ये एक नाव से टकरा गया था। इसके बाद जहाज मूंगे की एक दीवार से जा टकराया और बहामास के करीब डूब गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक ये जहाज जो खजाना लेकर जा रहा था, वो दरअसल किंग फिलिप चतुर्थ के लिए रिजर्व टैक्स के तौर पर था।

जहाज क्यूबा से स्पेन के सेविली जा रहा था। जो जहाज डूबा वो 891 टन का था और इस पर कार्गो भी लदा हुआ था। इस जहाज को दूसरे जहाज से खजाना लेकर जाना था। वो जहाज भी इस घटना से दो साल पहले डूब चुका था। कई बार ऐसी खबरें पहले भी आई हैं कि जहाज पर लदे कार्गो को हासिल करने की कोई कोशिशें की गई हैं। साल 1650 से 1990 तक 3.5 मिलियन आइटम्स रिकवर किए जा चुके हैं। ये जानकारी पुराने जहाजों की खोज करने वाली एजेंसी एलन एव?सप?लोरेशन की तरफ से दी गई है। साल 2020 से एलन दो साल तक जहाजों की खोज में लगा रहा। जो खजाना हाथ लगा है उसे इस महीने बहामास मैरिटाइम म्यूजियम में रखा जाएगा। इस तरह के खजाने को रिमोट सेंसिग टेक्नोलॉजी की मदद से तलाशा जाता है। इसके लिए सोनार और मैग्नेटोमीटर्स का प्रयोग किया जाता है। एलन की तरफ से 13 किलोमीटर तक की दूरी पर फैले मलबे को तलाशा जा चुका है।

## विज्ञापन में महिला मॉडल के आइसक्रीम खाने पर मचा बवाल, मौलवियों ने लगाया ये बैन

अरब देशों में महिलाओं की स्थिति कैसी है, इस बात से हर कोई वाकिफ है। सऊदी अरब, तालिबान से लेकर ईरान जैसे देशों में महिलाओं को लेकर सख्त कानून बनाए गए है। कपड़ों से लेकर खाने तक में महिलाओं पर सख्त नियम लागू हो रखे है। अब आप भी सोच रहे होंगे की भला खाने को लेकर महिलाओं पर कैसी पाबंदी? तो इसका जवाब हम आपको अभी दे देते है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबकि ईरान में एक महिला मॉडल का आइसक्रीम खाते हुए ऐड करना वहां की सभी महिलाओं पर भारी पड़ गया है। महिला के आइसक्रीम खाते एक ऐड पर ईरान में बवाल मच गया है। बता दें कि ये बवाल आइसक्रीम को लेकर नहीं बल्कि ऐड में महिला के होने से पूरा विवाद खड़ा हो गया है। महिला का ऐड पर आने के बाद से ईरान के कट्टरपंथी इस्लामिक नेताओं से लेकर मौलवियों ने अब इसके खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया है। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया है कि पूरे देश में महिलाओं के ऐड में काम करने पर बैन लगा दिया है। यह ऐलान इस ऐड के आने के बाद किया गया।



टोक्यो में अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैंसी पैलोसी व अन्य प्रतिनिधि जापान के प्रधानमंत्री फूमियो केसिडा के साथ तस्वीर में नजर आये।

## अमेरिका, रूस, चीन के विदेश मंत्रियों ने आसियान बैठक में भाग लिया


**फोम पेन्ह ।** रूस और चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन शुक्रवार को रूस के विदेस मंत्री सर्गेइ लावरोव और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक में शामिल हुए। कंबोडिया की राजधानी में दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) का पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन चल रहा है। यह पहली बार है, जब तीनों मंत्रियों को एक ही मंच पर बैठक में भाग लेना है। यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है, जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर चल रहे राजनीतिक तनाव के बीच अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी ब्रिटनी ग्राइनर को अपने पास मादक पदार्थ रखने का दोषी करार दिया है और उन्हें नौ साल की जेल की सजा सुनाई है। जबकि, चीन अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर आक्रोशित है तथा इसके जवाब में उसने सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बैठक कक्ष में प्रवेश करते ही रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव के कंधे पर हाथ थपथपाया तथा अपनी सीट पर बैठने से पहले उनकी ओर हाथ हिलाया। जवाब में लावरोव ने भी हाथ हिलाया। सबसे आखिर में बैठक कक्ष में प्रवेश करने वाले ब्लिंकन ने लावरोव की ओर देखा तक नहीं और अपनी सीट पर जाकर बैठ गए। इस वार्ता के मद्देनजर अमेरिका के विदेश विभाग ने संकेत दिया कि ब्लिंकन की इन बैठकों के दौरान किसी से भी व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात करने की योजना नहीं है।

# ताइवान के नजदीक युद्ध अभ्यास पर पेलोसी ने बीजिंग को चेताया

### द्वीप देश को अलग-थलग करने की अनुमति नहीं देंगे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।**

अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी शुक्रवार को अपनी एशिया यात्रा के अंतिम चरण के दौरान जापान में हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा ताइवान की यथास्थिति को बदलने के बारे में नहीं थी और अमेरिका चीन को द्वीप देश को अलग-थलग करने की अनुमति नहीं देगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पेलोसी ने कहा कि ताइवान में उनका प्रतिनिधित्व द्वीप देश की यथास्थिति को बदलने के बारे में नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि उनके बीच विकसित संबंध ताइवान में शांति के लिए है। यूएस हाउस की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा है कि अमेरिका चीन को ताइवान को अलग-थलग करने की इजाजत नहीं देगा।



पेलोसी ने कहा कि चीन ने ताइवान को अलग-थलग करने की कोशिश की, जिसमें हाल में उसे विश्व स्वास्थ्य संगठन में शामिल होने से रोकना शामिल है। उन्होंने कहा, ''वे ताइवान को अन्य स्थानों पर जाने या भाग लेने से रोक सकते हैं लेकिन वे हमें ताइवान की यात्रा करने से रोककर उसे पृथक नहीं करेंगे।'' अमेरिकी नेता ने कहा कि ताइवान की उनकी यात्रा का मकसद द्वीप के लिए यथास्थिति में बदलाव लाना नहीं था बल्कि ताइवान जलडमरूमध्य में शांति बनाए रखना था।

उन्होंने व्यापक समझौतों के उल्लंघन, हथियारों के प्रसार और मानवाधिकार समस्याओं के लिए चीन की आलोचना की। पेलोसी ने बुधवार को ताइपे में कहा था कि स्व-शासित द्वीप तथा दुनिया में कहीं भी लोकतंत्र के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता ''अटल'' है। पेलोसी और संसद के पांच अन्य सदस्य सिंगापुर, मलेशिया, ताइवान और दक्षिण कोरिया की यात्रा करने के बाद बृहस्पतिवार देर रात तोक्यो पहुंचे।

## अमेरिका ने मंकीपॉक्स को लेकर स्वास्थ्य आपातकाल किया घोषित, 7000 से अधिक मामले हुए दर्ज

**वाशिंगटन। (एजेंसी)।**

अमेरिका ने तेजी से फैल रहे 'मंकीपॉक्स' को लेकर बृहस्पतिवार को लोक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दी, ताकि इससे निपटने के प्रयास तेज किए जा सकें। देश में 7,100 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। इस घोषणा से इस संक्रामक रोग से निपटने के लिए संघीय धन एवं संसाधनों को जुटाने में मदद मिलेगी। बुखार, शरीर में दर्द, ठंड लगना, थकान और शरीर पर कई जगह फोड़े होना इस बीमारी के लक्षण है।

अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्रालय के प्रमुख जेवियर बेसेरा ने कहा, '' हम इस वायरस से निपटने की अपनी तैयारियों को अगले स्तर पर ले जाने को तैयार हैं और हम हर अमेरिकी से मंकीपॉक्स को गंभीरता से लेने का आग्रह करते हैं।'' मंकीपॉक्स रोधी टीकों की उपलब्धता को लेकर





अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की आलोचना के बीच यह घोषणा की गई है। न्यूयार्क और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों के स्वास्थ्य केंद्रों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त संख्या में दो खुराक वाले ये टीके नहीं मिले हैं। कुछ को तो पहली खुराक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दूसरी खुराक देना बंद करना पड़ा। इससे पहले, व्हाइट हाउस ने कहा था कि उसने 11 करोड़ से अधिक खुराक उपलब्ध कराई है। अमेरिका में मंकीपॉक्स से अभी तक किसी की जान नहीं गई है, जबकि कुछ अन्य देशों में इससे मौत के मामले सामने आए हैं।

## ईरान, अमेरिका और यूरोपीय संघ अपने दूतों को ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर बात करने वियना भेजेगा

**तेहरान (एजेंसी)।**

ईरान, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) ने कहा कि वे ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए अपने दूत वियना भेजेगा। यह कदम वर्ष 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते को बचाने की आखिरी कोशिश प्रतीत हो रही है। हालांकि, तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि ऐतिहासिक समझौते में शामिल अन्य पक्षकार भी अचानक हो रहे सम्मेलन में शामिल होने वाले हैं या नहीं। यह भी जानकारी नहीं मिली है कि दोहा में अमेरिका और ईरान के बीच हो रही परोक्ष वार्ता में कोई प्रगति हुई है या नहीं। वार्ता की अध्यक्षता करने वाले यूरोपीय संघ के अधिकारी एनरिक मोरा ने कहा कि बातचीत के केंद्र में हाल में समझौते को बहाल करने के लिए तैयार मसौदा रहेगा। वहीं, ईरान ने कहा कि वह अपने परमाणु वार्ताकार अली बाघेरी कानी को ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना भेज रहा है। ईरान के लिए नियुक्त अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब मैली ने भी ट्वीट किया कि वह भी वार्ता के लिए वियना जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि वार्ता से पहले अमेरिका की ''उम्मीदें सीमित हैं। मैली ने कहा, ''अमेरिका ईयू की कोशिशों का स्वागत करता है और समझौते के लिए अच्छी भावना से कार्य करने के लिए तैयार है। जल्द ही पता चल जाएगा कि ईरान क्या ऐसी ही भावना के साथ तैयार है।'' उल्लेखनीय है कि समझौते को बहाल करने की कोशिश कुछ समय पहले तब खटाई में पड़ गई जब विभिन्न पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े रहे।

## किम जोंग मिसाइल टेस्ट करते रह गए और दक्षिण कोरिया ने कर दिया ये बड़ा काम, बना दुनिया का सातवां ऐसा देश

**(एजेंसी)।**

नॉर्थ कोरिया के सनकी तानाशाह किम जोंग उन से तो पूरी दुनिया वाकिफ है। आए दिन मिसाइलों की टेस्टिंग कर दुनिया को डकाने वाले तानाशाह का पूरा ध्यान अपने देश को केवल और केवल खतरनाक हथियारों से लैस करना है। वहीं उसके पड़ोसी देश और प्रतिद्वंदी देश साउथ कोरिया ने चांद पर कदम रखने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। साउथ कोरिया ने अपना पहला घरेलू रूप से विकसित चंद्र ऑर्बिटर लॉन्च किया है। दक्षिण कोरिया चंद्रमा के लिए एक मिशन शुरू करने वाला दुनिया का सातवां देश बन गया स्पेसएक्स द्वारा लॉन्च किए गए उपग्रह ईंधन को बचाने के लिए एक लंबा गोल चक्कर लगा रहा है। पहले इसका प्रक्षेपण 27 जुलाई को निर्धारित किया गया था।

ये दक्षिण कोरिया द्वारा पहला चंद्र मिशन है, जिसने हाल ही में एक अंतरिक्ष रॉकेट लॉन्च क्षमता विकसित की है। चंद्र मिशन को नासा और कोरिया एयरोस्पेस रिसर्च इंस्टीट्यूट (KARI) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। दानुरी



में एक बॉक्सी, सौर-संचालित उपग्रह है जिसे चंद्र सतह से सिर्फ 62 मील (100 किलोमीटर) ऊपर स्किम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसके दौरान यह इस निम्न ध्रुवीय कक्षा से कम से कम एक वर्ष के लिए भूगर्भिक और अन्य डेटा एकत्र करेगा। ये ऑर्बिटरकोरिया पाथफाइंडर लूनर या दानुरी के नाम से जाना जाता है। कोरियाई भाषा में इसका अर्थ चंद्रमा का आनंद लेना है।

अंतरिक्ष यान ईंधन के संरक्षण के लिए चंद्रमा के लिए एक लंबा, गोल चक्कर लगा रहा है और दिसंबर के मध्य में अपने गंतव्य पर पहुंच जाएगा। सफल होने पर अंतरिक्ष यान भारत के चंद्रयान -2 और नासा के लूनर टोही ऑर्बिटर (LRO) में पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह के चारों ओर शामिल हो जाएगा। ऑर्बिटर को पानी के बर्फ, यूरेनियम, हीलियम-3, सिलिकॉन और एल्यूमीनियम जैसे चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों का सर्वेक्षण करने का भी काम सौंपा जाएगा। ये भविष्य में चंद्रमा पर लैंडिंग करने की जगहों का चयन करने में मदद के लिए एक स्थलाकृतिक मानचित्र तैयार करेगा।

# भारत में अच्छे दिन आए या नहीं इस चर्चा के बीच पड़ोसी देश में बुरे दिन आने वाले हैं, खुद वित्त मंत्री ने कबूली ये बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

अच्छे दिन आने वाले हैं, हम मोदी जी को लाने वाले हैं। लोकसभा चुनाव का एक चर्चित नारा। जिसको लेकर विपक्ष की ओर से लगातार मोदी सरकार पर निशाना भी साधा जाता है। वैसे देखा जाए तो अच्छे दिन के कोई तय पैमाने नहीं हैं। अच्छे दिन कोई ऐसी परिस्थिति तो है नहीं कि आप पैथोलॉजिकल लैब में जाकर जांच करा लें और पता लग जाए कि अच्छे दिन आए या नहीं। समाज के हर वर्ग नहीं बल्कि हर व्यक्ति के लिए अच्छे दिन के मायने अलग-अलग हैं। हिन्दुस्तान में वाकई अच्छे दिन आए या नहीं ये एक लंबी बहस का विषय हो सकता है। लेकिन हां पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में बुरे दिन जरूर आने वाले हैं। ये बात खुद मुल्क के हुक्मरान खुद कबूल कर रहे हैं।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने आगाह किया है कि गंभीर नगदी संकट से जूझ रहे देश में आने वाले दिन बेहद बुरे रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगले तीन महीने के लिए आयात पर नियंत्रण जारी रखेगी। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में एक समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को पूर्व पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ शासन द्वारा अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली आर्थिक नीतियों के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार के दौरान देश का बजट घाटा 1,600 अरब अमेरिकी डॉलर था। जबकि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ शासन के दौरान यह आंकड़ा बढ़कर 3,500 अमेरिकी डॉलर हो गया।

इस्माइल ने कहा, ''मैं तीन महीने तक आयात बढ़ाने की इजाजत नहीं दूंगा और इस बीच हम नीति लाएंगे। वृद्धि कुछ हद तक प्रभावित तो होगी लेकिन कोई और विकल्प नहीं है।'' पिछले वित्त वर्ष में पाकिस्तान ने 80 अरब डॉलर का आयात किया जबकि निर्यात 31 अरब डॉलर का किया। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार को देश को संभावित चूक से बचाना होगा और तात्कालिक एवं लघु अवधि के कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा, ''हम सही रास्ते पर हैं लेकिन खराब दिन देखने पड़ेंगे। अगर हम तीन महीने के लिए आयात पर काबू पा लें, हम विभिन्न माध्यम से निर्यात बढ़ा सकते हैं।

